**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.



R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 246 लखनऊ, बुधवार 29 अप्रैल 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08


## वाराणसी में महिला सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी, देंगे 6,350 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

संवाददाता।

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर वाराणसी में महिला सम्मेलन में भाग लेंगे और ₹6,350 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे, साथ ही दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे और इस दौरान वह वाराणसी में महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, लगभग 6,350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे तथा अपने संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बुधवार को मोदी हरदोई जाएंगे, जहां वह गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे और एक सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 1,050 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरी हुई 48 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और करीब 5,300 करोड़ रुपये की लागत वाली 112 परियोजनाओं का शिलान्यास



करेंगे जिनमें वाराणसी–आजमगढ़ सड़क का चौड़ीकरण, कज्जाकपुरा और कादीपुर में रेल ओवर ब्रिज तथा भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाला मलजल उपचार संयंत्र प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क को और मजबूत करने के लिए मोदी दो नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों–वाराणसी से पुणे (हडपसर) और अयोध्या से मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस)को हरी झंडी दिखाएंगे। बयान में कहा गया कि इस पहल से राज्य के तीर्थयात्रियों, विद्यार्थियों, प्रवासी मजदूरों और छोटे व्यापारियों को खासा फायदा होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के दो प्रमुख धार्मिक स्थल वाराणसी और अयोध्या हर साल लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। मुंबई और पुणे जैसे बड़े शहरों से बेहतर रेल संपर्क से पर्यटन को बढ़ावा मिलने, लोगों की यात्रा आसान होने और इन क्षेत्रों से जुड़ी आजीविका को मजबूती मिलने की उम्मीद है।आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को मोदी सुबह करीब साढ़े आठ बजे वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन के बाद हरदोई रवाना होंगे और पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बना गंगा एक्सप्रेसवे 594 किलोमीटर लंबा छह लेन का ग्रीनफील्ड हाई–स्पीड कॉरिडोर है जो यह मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जिलों से होकर गुजरता है और प्रदेश के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों को जोड़ता है। इस परियोजना से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय मौजूदा 10–12 घंटे से घटकर करीब छह घंटे होने की उम्मीद है। इस परियोजना की एक खास विशेषता शाहजहांपुर जिले में बनाई गई 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी जो आर्थिक लाभ के साथ–साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। बयान में कहा गया कि गंगा एक्सप्रेसवे से तीर्थ सर्किट भी मजबूत होगा। गढ़मुक्तेश्वर, कल्कि धाम, बेल्हा देवी धाम, चंद्रिका देवी शक्ति पीठ और त्रिवेणी संगम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंच पहले से कहीं आसान हो जाएगी। इसमें कहा गया कि अब श्रद्धालु एक ही यात्रा में कई तीर्थस्थलों के दर्शन कर सकेंगे, जिससे धार्मिक पर्यटन की अवधि, खर्च और स्थानीय आर्थिक गतिविधियां तीनों बढ़ेंगी। यह एक्सप्रेसवे राज्य के व्यापक एक्सप्रेसवे नेटवर्क की रीढ़ बनेगा।

## 936 प्रधान परिचालकों की भर्ती से दूरसंचार व्यवस्था होगी और सशक्त - मुख्यमंत्री

संवाददाता।

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संचार किसी भी व्यवस्था का एक सशक्त माध्यम होता है। संचार व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, पुलिस या अन्य बल उतने ही प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे, सटीक कार्रवाई कर पाएंगे तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में 936 नए प्रधान परिचालकों के चयन से संचार इकाई को और अधिक सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी।मुख्यमंत्री लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के नवचयनित 936 प्रधान परिचालक तथा प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 10 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु चलचित्र भी प्रदर्शित किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि नवचयनित 936 प्रधान परिचालकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी तथा आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए अभ्यर्थियों की योग्यता और क्षमता के आधार पर संपन्न कराई गई है। इन सभी कर्मियों को आठ माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें उन्हें सामान्य वॉकी–टॉकी प्रणाली से लेकर दूरसंचार की आधुनिक तकनीकों तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस कार्मिक के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि तभी वे देश और समाज की ईमानदारीपूर्वक सेवा कर सकेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि नवचयनित कर्मियों को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 112 केंद्रों पर 60,244 पुलिस आरक्षियों की दीक्षांत परेड आयोजित की गई। विगत नौ वर्षों में प्रदेश में दो लाख 20 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती सफलतापूर्वक संपन्न की जा चुकी है।उन्होंने कहा कि नौ वर्ष पहले निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराना कठिन था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में यदि किसी व्यक्ति में क्षमता है तो उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। प्रदेश सरकार ने अभ्यर्थियों और उनके परिवारों की अपेक्षाओं के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया है। इसलिए अब नवचयनित कर्मियों का दायित्व है कि वे भी उसी नीयत और ईमानदारी के साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल तीन हजार पुलिस कार्मिकों को एक साथ प्रशिक्षण देने की क्षमता थी, जबकि वर्ष 2025 में 60,244



पुलिस कार्मिकों को प्रदेश के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नीति, साफ नीयत और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में तीन दिनों के भीतर 40 हजार से अधिक होमगार्ड कार्मिकों की भर्ती परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं और इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्तियां की जाएंगी, जिनमें होमगार्ड, सिविल पुलिस और उप निरीक्षक के पद शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां 500 से अधिक कुशल खिलाड़ियों को पुलिस बल में शामिल किया गया है। इसी का परिणाम है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश पुलिस बड़ी संख्या में पदक प्राप्त कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस की अवस्थापना सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। वर्ष 2017 में प्रदेश के 10 जनपदों में पुलिस लाइन नहीं थी और कई थानों के पास स्वयं का भवन नहीं था, जबकि आज 55 जनपदों में आधुनिक बहुमंजिला भवनों में बैरक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मॉडल थानों का निर्माण तथा नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही विशेष सुरक्षा बल, राज्य आपदा मोचन बल तथा महिला सशस्त्र आरक्षित बल की तीन नई बटालियनों का गठन किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य स्तरीय विधि विज्ञान संस्थान सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है तथा 12 उच्च श्रेणी की विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं संचालित हैं और छह नई प्रयोगशालाएं निर्माणाधीन हैं। नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद प्रत्येक जनपद में दो–दो चलित विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं कार्य कर रही हैं, जिनमें प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने से निवेश का वातावरण बेहतर हुआ है और प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

## रस बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में एंटी-ड्रग जागरूकता पर एकदिवसीय शिविर आयोजित

### कुलपति डॉ. देश दीपक ने युवाओं को नशामुक्तसमाज निर्माण का दिया संदेश

विजडम इंडिया।

देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय





सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा 27 अप्रैल 2026 को लालितादित्य प्रेक्षागृह में एंटी–ड्रग जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और जागरूकता का स्पष्ट माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. देश दीपक के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब युवा स्वयं जागरूक होकर इस दिशा में सकारात्मक पहल करें। उनके विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया।

शिविर के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में नव्या ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर रिया शाही और तृतीय स्थान पर अल्फिया रहीं।

इसके साथ ही NSS स्वयंसेवकों द्वारा एक सशक्त नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया गया, जिसने नशे की गंभीरता और उसके सामाजिक दुष्परिणामों को मार्मिक ढंग से उजागर किया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया और पूरे सभागार में गहरी छाप छोड़ी।

कार्यक्रम का संचालन सतविंदर द्वारा अत्यंत प्रभावी ढंग से किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रखते हुए श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा।

अंत में NSS कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप महारा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कुलपति, शिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान को सराहा।

इस अवसर पर डॉ. मनमोहन गुप्ता, डॉ. इमरान खान, सुश्री मनाली रावत, डॉ. रमन कृष्ण किमोठी, डॉ. प्रतिभा, डॉ. पुष्पा, सुश्री मिधात, सुश्री अपेक्षा, सुश्री अद्रिता, स्नेहा, रिया, कविता, अक्षी, सिद्धार्थ एवं मंतिशा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सीएम धामी का विपक्ष पर सीधा हमला, बोले- महिला आरक्षण बिल पर भ्रम फैलाना बंद करें

एजेंसी।

उतराखंड धामी ने विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर संसद में इस कानून को रोकने की कोशिश की और उन पर इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिसीमन जैसे प्रावधानों से किसी भी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा और केंद्र सरकार ने संसद में इस बात को साफ कर दिया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को महिला सशक्तिकरण के लिए एक एकजुट राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33: आरक्षण पर चर्चा करते समय अपने आपसी मतभेदों से ऊपर उठने का आग्रह किया। उत्तराखंड विधानसभा के नारी सम्मान – लोकतंत्र में अधिकार शीर्षक वाले एक विशेष सत्र को संबोधित करते हुए, धामी ने केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को जल्द से जल्द लागू करने के प्रयासों का समर्थन किया और इस कानून के समर्थन में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि यह बिल एक बदलाव लाने वाला कदम है, जिसका मकसद न सिर्फ महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना है, बल्कि नीति–निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करना भी है। धामी ने विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर संसद में इस कानून को रोकने की कोशिश की और उन पर इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिसीमन जैसे प्रावधानों से किसी भी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा और केंद्र सरकार ने संसद में इस बात को साफ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों का भी जिक्र किया, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले जैसी महान हस्तियों से लेकर रक्षा और अंतरिक्ष जैसे आधुनिक क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया गयाय उन्होंने कहा कि अब महिलाएं हर क्षेत्र



में नेतृत्व कर रही हैं। केंद्र सरकार की पहलों पर बात करते हुए धामी ने कहा कि पिछले एक दशक में श्जेंडर बजटिंगश (महिलाओं के लिए बजट आवंटन) में काफी बढ़ोतरी हुई हैय 2026–27 के बजट में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का आवंटन किया गया है। उन्होंने श्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओश, श्सुकन्या समृद्धि योजनाश और श्प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाश जैसी योजनाओं के साथ–साथ श्ट्रिपल तलाकश पर प्रतिबंध जैसे उपायों का भी जिक्र किया, और इन्हें महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदम बताया। उत्तराखंड पर खास तौर पर बात करते हुए धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने इस साल जेंडर बजटिंग के तहत करीब ₹20,000 करोड़ का बजट रखा है और आजीविका मिशनों तथा स्वयं सहायता समूहों की पहलों के जरिए महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है।

## पीएम मोदी के वाराणसी दौरे से पहले बड़ा संकेत, सीएम योगी और नितिन नवीन पहुंचे बाबा विश्वनाथ के द्वार

संवाददाता।

वाराणसी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन–पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की प्रगति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की, जबकि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी ने इस दौरे को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं के साथ काशी स्थित बाबा विश्वनाथ धाम में विधिवत दर्शन–पूजन किया। भाजपा



अध्यक्ष नितिन नवीन ने 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, "अविनाशी काशी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ जी के गर्भगृह में विधिवत दर्शन–पूजन कर महादेव का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। देवाधिदेव महादेव के चरणों में राष्ट्र की निरंतर प्रगति, जनकल्याण और प्रत्येक नागरिक की सुख–समृद्धि की मंगल कामना की। हर हर महादेव।"मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से लिखा, "भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ आज शिवनगरी काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन–पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों व प्रदेशवासियों का कल्याण करें, यही प्रार्थना है।" भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, "अविनाशी नगरी काशी स्थित श्री विश्वनाथ धाम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ बाबा विश्वनाथ के ज्योतिर्लिंग का पूजन–अर्चन किया।"चौधरी ने कहा, "इस दौरान मा. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।" उन्होंने कहा कि बाबा से यही प्रार्थना है कि वे चराचर जगत का कल्याण करें और राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करें, हर–हर महादेव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मंगलवार 28 अप्रैल से उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

## आईपीएस अजय शर्मा को हाई कोर्ट से राहत, 29 अप्रैल तक कार्रवाई पर लगी रोक

एजेंसी।

बंगाल। वकील ने आरोप लगाया कि अधिकारी आदर्श आचार संहिता (डब्ब) का उल्लंघन कर रहे हैं और बेंच से तुरंत दखल देने की मांग की। हालाँकि, जस्टिस राव ने कहा कि वह 29 अप्रैल से पहले चुनाव से जुड़ी ड्यूटी कर रहे अधिकारियों पर असर डालने वाला कोई भी आदेश जारी नहीं करेंगे। वकील ने अदालत को बताया कि औपचारिक याचिका की प्रक्रिया अभी भी चल रही है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को साफ किया कि वह 29 अप्रैल तक, जिस दिन पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण है, चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों के खिलाफ कोई भी आदेश जारी नहीं करेगा। यह बात जस्टिस कृष्णा राव की अदालत में एक मौखिक अर्जी के दौरान कही गई। एक वकील ने अदालत से गुजारिश की कि वह पुलिस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर रोक लगाए, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग ने दक्षिण 24 परगना में पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वकील ने आरोप लगाया कि अधिकारी आदर्श आचार संहिता (MCC) का उल्लंघन कर रहे हैं और बेंच



से तुरंत दखल देने की मांग की।

# पारिवारिक विवाद के चलते राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

लखनऊ, (आरएनएस )। थाना मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्राम कल्ली पूरब घाघ में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी।पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल 2026 को प्रातः लगभग 7 बजे थाना मोहनलालगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कल्ली पूरब घाघ में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।मौके पर जांच के दौरान पता चला कि बब्लू गौतम (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुत्र श्री राम, निवासी ग्राम कल्ली पूरब घाघ ने अपने घर के प्रथम तल पर बने कमरे में बिजली के पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए, जिससे गांव में शोक और दहशत का माहौल बन गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा आगे की आवश्यक विधिक प्रक्रिया प्रचलित है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की।परिजनों से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि इसी कारण व्यक्ति ने मानसिक तनाव में आकर यह कठोर कदम उठा लिया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का स्पष्ट रूप से पता लगाया जा सके।मृतक पेशे से राजमिस्त्री का कार्य करता था और मेहनत–मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। उसके परिवार में एक पुत्री (उम्र लगभग 13 वर्ष) और एक पुत्र (उम्र लगभग 10 वर्ष) हैं। घटना के बाद परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# गरीब मेधावी छात्रों के लिए नीट-जेईई तैयारी हेतु मिलेगी छात्रवृत्ति

प्रयागराज(आरएनएस )। आर्थिक तंगी के कारण अक्सर मेधावी विद्यार्थियों के डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने अधूरे रह जाते हैं। ऐसे में वेल्सपर फाउंडेशन इन छात्रों को छात्रवृत्ति देकर अब इन सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम बनकर उभर रही है। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद अब पात्र विद्यार्थियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शिक्षा विभाग के सहयोग से जिलों में जागरूकता अभियान को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक योग्य छात्र इस योजना का लाभ उठा सकें। वे विद्यार्थी जिन्होंने नीट या जेईई की परीक्षा दी थी लेकिन किसी कारणवश सफल नहीं हो पाए, उनके लिए भी यह एक सुनहरा अवसर है। यदि ऐसे छात्र–छात्राएं सरकारी विद्यालय से पढ़े हैं, कक्षा 12 में उनके कम से कम 80 प्रतिशत अंक हैं और वे बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) श्रेणी में आते हैं, तो उन्हें भी इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने का अवसर दिया जाएगा। वर्तमान में यह योजना 6 जिलों में संचालित की जा रही है, जिसमें विशेष रूप से सरकारी विद्यालयों से पढ़े छात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी होनहार छात्र केवल आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों को अधूरा न छोड़े, बल्कि उसे आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन और सहयोग मिल सके।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

प्रयागराज(आरएनएस )। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज जिलाधिकारी, प्रयागराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में डीएम द्वारा परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग व मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षकध्बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद प्रयागराज में जितने भी स्कूल, मैरेज हॉल एवं हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं, उनके विरूद्ध अब तक निर्गत नोटिस का विवरण सहित प्रति उपलब्ध कराये।यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्र में अत्यधिक भीड–भाड एवं जाम वाले स्थलों पर यथा चौक, घण्टा घर, सिविल लाइन्स, लल्ला चुगी जैसे स्थानों पर टैम्पो टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों एवं स्थानीय वेंडर को शामिल कर जाम से निजात दिलाये जानें के सम्बंध में 30 अप्रैल को अपरान्ह 04रू00 बजे एक बैठक अपर जिलाधिकारी (नगर), प्रयागराज की अध्यक्षता में की जायेगी। नगर क्षेत्र में वृहद जाम के दृष्टिगत शहर को जाम से मुक्त किये जानें हेतु स्थायी होर्डिंग्स एरिया हेतु अस्थायी रूप से भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया। बैठक में निर्देशित किया गया कि लो०नि०वि०, प्रयागराज द्वारा अलोपी बाग पलाईओवर के पास बंद किये गये कट को खोले जानें हेतु 03 दिनों में कार्य कराकर अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में पी०के राय, अधिशासी अभियन्ताध्सचिवध्सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा समिति, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, प्रयागराज, मोहम्मद अरशद, सहायक अभियन्ता ध् प्रतिनिधि सचिवध् सदस्य, जिला सडक सुरक्षा समिति, प्रयागराज, विशाल सेठ, सहायक अभियन्ता, रा०मा० खण्ड, लो०नि०वि०, प्रयागराज, रघुनाथ द्विवेदी, उपाध्यक्ष टैम्पो टैक्सी यूनियन, प्रयागराज, विनोद चन्द्र दुबे, अध्यक्ष एवं रमाकान्त रावत, महामंत्री, टेम्पो टैक्सी यूनियिन एवं अन्य उपस्थित अधिकारीगण व यूनियन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन और पदयात्रा की घोषणा, सरकार पर बरसे संजय सिंह

लखनऊ, (आरएनएस )। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर अब 'स्मार्ट चीटर' बनकर जनता को लूट रहे हैं और इनकी रफ्तार धावक मिल्खा सिंह से भी तेज हो गई है।संजय सिंह ने कहा कि जहां पहले उपभोक्ताओं का लगभग 1500 रुपये का बिजली बिल आता था, वहीं अब 6000 से 7000 रुपये तक बिल पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रीपेड मीटर में रिचार्ज कराने के बाद भी 10 से 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होती, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी आगामी 3 मई से पूरे उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। इस आंदोलन के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान, जनजागरण कार्यक्रम और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगाए गए लगभग 80 लाख मीटरों में से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं, जो आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं।पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने "रोजगार दोदृसामाजिक न्याय दो" पदयात्रा के पांचवें चरण की घोषणा करते हुए बताया कि यह यात्रा 16 मई से मेरठ से शुरू होकर 20 मई को गाजियाबाद में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा के माध्यम से युवाओं को रोजगार, सामाजिक न्याय और किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।अन्य मुद्दों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में संजय सिंह ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस में की गई भारी बढ़ोतरी छात्रों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह सरकार को पत्र लिखकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर उन्होंने विश्वास जताया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में एकतरफा जीत होगी। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया।न्यायपालिका से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि निष्पक्षता लोकतंत्र की आत्मा है और जब किसी न्यायाधीश की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तो उन्हें स्वयं उस मामले से अलग हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के सम्मान की रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में ये क्षेत्र शामिल नहीं हैं, जिसका परिणाम यह है कि कई स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जाति और धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी कर रही है।पार्टी से जुड़े सवाल पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दबाव और एजेंसियों के माध्यम से अन्य दलों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी अब सतर्क है और किसी भी प्रकार की राजनीतिक चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।उन्होंने चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखते हुए आरोप लगाया कि मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

प्रयागराज(आरएनएस )। नवाबगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 52 वर्षीय किसान जीतलाल पटेल की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी जीतलाल पटेल खेतीबाड़ी करते थे और घर पर तेल की चक्की भी चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी सुदामा और तीन बेटे श्याम बाबू पटेल, राम बाबू पटेल और अभिषेक पटेल हैं। वह अपने पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। जीतलाल सोमवार सुबह अपनी बाइक पर तेल की मशीन बनवाने के लिए घर से निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे वह प्रयागराज–रायबरेली हाईवे पर कसारी पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे। पेट्रोल डलवाने के लिए सड़क पार करते समय पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीतलाल उछलकर करीब 25 फीट दूर जा गिरे। पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत उन्हें उठाया और कौड़िहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और जीतलाल को फाफामऊ के एक निजी अस्पताल ले गए।निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जीतलाल पटेल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नवाबगंज थाने के हल्का इंचार्ज मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में एसीपी सोरांव श्याम जीत प्रमिला सिंह से बात करने पर बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने जीत लाल गंभीर रूप से घायल हो गए और जहां इलाज के दौरान मौत हो गई हैं तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में संगठन सुदृढ़ीकरण पर मंथन, कई स्तरों पर फेरबदल कर जनाधार बढ़ाने का दिया निर्देश

नई दिल्ली,लखनऊ (आरएनएस )। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने दिल्ली राज्य इकाई की विस्तृत समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी तथा आर्थिक स्तर पर मजबूत बनाने और जनाधार को व्यापक रूप से बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। लंबी चली इस बैठक में पूर्व में दिए गए दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की गई तथा संगठन के कार्यों का आकलन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान संगठन के जिन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा संतोषजनक कार्य किए गए, उनके प्रयासों की सराहना की गई, वहीं जहां कार्य अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाए गए, वहां कई स्तरों पर संगठनात्मक फेरबदल किया गया। मायावती ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटें तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।दिल्ली के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए उन्होंने बैठक में प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर कहा कि आमजन के हित, कल्याण और जीवन स्तर से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों में निराशा का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन व्यवस्था आम जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में बहुजन समाज पार्टी आमजन के लिए एक नई उम्मीद के रूप में उभर सकती है, बशर्ते संगठन पूरी लगन और मेहनत के साथ जनता के बीच जाकर अपनी नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करे।उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली में विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगों की अलग–अलग आवश्यकताएं हैं। विशेष रूप से मेहनतकश और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए जीवन यापन की परिस्थितियां लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में सभी नागरिकों को सुरक्षित, सरल और सम्मानजनक जीवन के लिए सशक्त कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और न्यायपूर्ण प्रशासन की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून का राज स्थापित करना किसी भी सुशासन की पहली शर्त होती है और यह सुनिश्चित करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।मायावती ने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता के बीच यह संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए कि सर्वसमाज के हित और कल्याण के लिए न्यायपूर्ण शासन और मजबूत कानून व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं को समझते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करें।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संगठन की मजबूती केवल पदाधिकारियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पार्टी के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आर्थिक रूप से संगठन को मजबूत बनाने पर भी विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि संसाधनों की सुदृढ़ता से ही संगठन की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया जा सकता है।बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। इससे पूर्व 23 अप्रैल को उत्तराखंड राज्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें पार्टी संगठन को उत्तर प्रदेश और पंजाब के साथ होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अभी से तैयार रहने की हिदायत दी गई थी। उस बैठक में भी संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, जनाधार बढ़ाने और बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया था।मायावती ने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय और संगठित बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्रीय स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करें, जनता से संवाद बढ़ाएं और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय पहल करें।

# नवीन आयकर अधिनियम- 2025 के बारे में विस्तृत चचा

प्रयागराज(आरएनएस )। अपर आयकर आयुक्त, परिक्षेत्र–1, इलाहाबाद अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा आज फिजिकल आउटरीच कैंपेन आन द न्यू इनकम टैक्स एक्ट एंड इनकम टैक्स फॉर्म कार्यक्रम का आयोजन संगम नगरी प्रयागराज में किया गया। इस कार्यक्रम में सी.ए. एसोसिएशन, इलाहाबाद, बार एसोसिएशन, इलाहाबाद, व्यापार मण्डल, इलाहाबाद के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सी.ए. एसोसिएशन, इलाहाबाद, बार एसोसिएशन, इलाहाबाद, व्यापार मण्डल, इलाहाबाद के सदस्यों द्वारा शिव कुमार राय, आयकर आयुक्त (मु.)(ओएसडी), कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद एवं अतुल कुमार पाण्डेय, अपर आयकर आयुक्त, परिक्षेत्र–1, इलाहाबाद का अभिवादन किया गया।उक्त कार्यक्रम में नवीन आयकर अधिनियम–2025 एवं करदाताओं हेतु प्रयोग में आने वाले नवीन आयकर फॉर्म्स में हुए परिवर्तन के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। जिसके परिप्रेक्ष्य में शिव कुमार राय, आयकर आयुक्त (मु.)(ओएसडी), कार्यालय मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद ने विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रकट किए। अतुल कुमार पाण्डेय, अपर आयकर आयुक्त,परिक्षेत्र–1, इलाहाबाद की देखरेख में मुख्य वक्ता के रूप में गौरव अग्रवाल, सी.ए. ने एक–अप्रैल 2026 से लागू नए आयकर अधिनियम, 2025 एवं आयकर नियमों से संबंधित कानूनोंधनियमों के आधारभूत परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।विस्तृत चर्चा के उपरान्त संवाद सत्र रखा गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के अलावा शुभम अग्रवाल, चेयरमैन, सी.ए. एसोसिएशन, इलाहाबाद, अरविंद मिश्रा, सचिव, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन, इलाहाबाद, सुशील खरबंदा, अध्यक्ष, व्यापार मण्डल, सिविल लाइंस, इलाहाबाद, एस. के. योगेश्वर, एडवोकेट, अजय अग्रवाल, सीए, शुभम सिंह, एडवोकेट एवं अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गोरखपुर, न्यू कैंट, ओल्ड कैंट और बीएचयू फाइनल में

प्रयागराज(आरएनएस )। केवी एएफएस गोरखपुर और केवी न्यू कैंट द्वितीय पाली ने केंद्रीय विद्यालय की संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर–17 आयु वर्ग के फाइनल में जगह बना ली। अंडर–14 आयु वर्ग में केवी ओल्ड कैंट और केवी बीएचयू की टीम फाइनल में पहुंची।

अंडर–17 आयु वर्ग के पहले सेमीफाइनल में केवी बमरौली ने 10 ओवर में चार विकेट पर 51 रन (आदित्य यादव 16, अश्विन विशाल, किशन एक–एक विकेट) बनाए। जवाब में एएफएस गोरखपुर ने 9.1 ओवर में 8 विकेट पर 55 रन (नैतिक सिंह 16, आयुष्मान पांडेय 12 नाबाद, पवन पांडेय 3ध्12, तरुण, आदित्य व रित्विक एक–एक विकेट) बना लिए। दूसरे सेमीफाइनल में केवी न्यू कैंट प्रथम पाली ने 8 ओवर में तीन विकेट पर 90 रन (अध्ययन कुशवाहा 36, अभिराज सिंह यादव 19, सुशांत यादव 16, आतिफ अफरोज खान व दीपक पटेल एक–एक विकेट) बनाए। जवाब में केवी न्यू कैंट द्वितीय पाली ने 7.5 ओवर में बिना विकेट खोए 91 रन (हर्षित 54 नाबाद, अभिनव यादव 30 नाबाद) बना लिए। अंडर–14 आयु वर्ग के पहले सेमीफाइनल में केवी ओल्ड कैंट ने आठ ओवर में दो विकेट पर 73 रन (प्रथम कुमार सिंह 19, अंकित 18 नाबाद, बालकिशन यादव 17, अंश मिश्रा 2ध्09) बनाए। जवाब में केवी न्यू कैंट प्रथम पाली की टीम आठ ओवर में चार विकेट पर 68 रन (दिव्यांश कुशवाहा 40, प्रखर 2ध्17, वैभव 1ध्07) ही बना सकी।दूसरे सेमीफाइनल में न्यू कैंट द्वितीय पाली ने 8 ओवर में 4 विकेट पर 49 रन (श्रेष्ठ त्रिपाठी 23, अनुराग पांडेय 11, श्रेयांश 1ध्08) बनाये। जवाब में केवी बीएचयू ने 6.1 ओवर में एक विकेट पर 50 रन (श्रेयांश 26 नाबाद, आयुष यादव 11 नाबाद) बना लिये।इससे पूर्व केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट के प्रधानाचार्य डॉ. रवि प्रकाश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर पर्यवेक्षक राम प्रकाश वर्मा एवं चयन समिति के अध्यक्ष अनुज त्यागी मौजूद रहे।



# गोवध निवारण अधिनियम के तहत स्कूटी राज्य के पक्ष में जब्त करने का आदेश

लखनऊ,(आरएनएस ) । पुलिस आयुक्त न्यायालय, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत एक प्रकरण में प्रयुक्त स्कूटी को राज्य के पक्ष में अधिहरण (जब्त) किए जाने का आदेश पारित किया गया है। यह कार्रवाई अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चौक, लखनऊ में पंजीकृत मुकदमा संख्या 244/2025 धारा 325 भारतीय न्याय संहिता, जो विवेचना के दौरान परिवर्तित होकर धारा 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 यथासंशोधित अधिनियम 2020 के अंतर्गत किया गया, से संबंधित वाहन संख्या यूपी 32 एनवी 6783 (स्कूटी) को गोमांस के परिवहन में प्रयुक्त किए जाने का मामला सामने आया था। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त स्कूटी का प्रयोग अधिनियम एवं नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर किया गया था।थाना चौक पुलिस द्वारा न्यायालय में आख्या प्रस्तुत करते हुए उक्त वाहन को राज्य के पक्ष में अधिहरण किए जाने की मांग की गई। न्यायालय द्वारा वाहन स्वामी, उसके प्रतिनिधि तथा वाहन चालक को अपने पक्ष में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कई अवसर प्रदान किए गए। इसके लिए 9 मार्च 2026, 16 मार्च 2026, 23 मार्च 2026, 30 मार्च 2026, 6 अप्रैल 2026 तथा 13 अप्रैल 2026 की तिथियां निर्धारित की गईं।इसके बावजूद वाहन स्वामी, उसकी प्रतिनिधि पत्नी एवं वाहन चालक द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। राज्य की ओर से संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश कुमार सिंह ने न्यायालय में अपने तर्क प्रस्तुत करते हुए वाहन को राज्य के पक्ष में अधिहरण किया जाना उचित बताया।न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों तथा प्रस्तुत तर्कों का परीक्षण करने के बाद 27 अप्रैल 2026 को खुले न्यायालय में आदेश पारित किया, जिसमें उक्त स्कूटी को राज्य के पक्ष में अधिहरण (जब्त) किए जाने के निर्देश दिए गए।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला अभियुक्तगिरफ्तार, बालिका सकुशल बरामद

लखनऊ,(आरएनएस )। थाना चिनहट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर ले जाने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने अपहृत नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है तथा प्रकरण में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार थाना चिनहट पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 223ध्2026 धारा 87 तथा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत वांछित अभियुक्त अमन रावत पुत्र भुल्लू, निवासी नौबस्ता कला थाना चिनहट जनपद लखनऊ, उम्र लगभग 26 वर्ष को 28 अप्रैल 2026 को नेड़ा मोड़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।घटना के संबंध में बताया गया कि 27 अप्रैल 2026 को वादी ने थाना चिनहट पर तहरीर देकर सूचना दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त अमन रावत बहला–फुसलाकर शादी करने के उद्देश्य से अपने साथ भगा ले गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चिनहट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक धनंजय कुमार सिंह द्वारा की जा रही थी।

# नये यमुना पुल से 30 फीट नीचे गिरा ट्रक, क्लीनिक में घुसा

## रीवा हाईवे पर देर रात बड़ा हादसा टला, चालक बाल-बाल बचा

प्रयागराज(आरएनएस )। नैनी थाना क्षेत्र में प्रयागराज–रीवा हाईवे पर सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। नए यमुना पुल के पास एक खाली ट्रक अनियंत्रित होकर करीब 30 फीट नीचे जा गिरा और नीचे स्थित एक क्लीनिक में जा घुसा। गनीमत रही कि हादसे के वक्त क्लीनिक बंद था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

ट्रक प्रयागराज से रीवा की ओर जा रहा था। जब वाहन डांडी से करीब आधा किलोमीटर पहले नए यमुना पुल पर पहुंचा, तभी सामने से एक कार रॉन्ग साइड में आ गई। अचानक सामने आई कार को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया।

अनियंत्रित ट्रक दाहिनी लेन में चला गया और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नीचे जा गिरा। नीचे मौजूद एक क्लीनिक में ट्रक घुस गया, जिससे आसपास के इलाके में तेज आवाज के साथ अफरा–तफरी मच गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत



का माहौल बन गया। सूचना पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह ट्रक चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि चालक को हल्की चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

नैनी पुलिस के अनुसार, इस हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और रॉन्ग साइड से आ रही कार की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# ईकार्ट डिलीवरी पार्टनर्स ने किया प्रदर्शन भुगतान में कटौती बढ़ाने से हुआ असंतोष

## न्यूनतम मजदूरी देने की मांग

सुलतानपुर(आरएनएस )।. भुगतान में कटौती बढ़ाने व न्यूनतम मजदूरी न देने से नाराज डिलेवरी पार्टनर्स ने मंगलवार को ईकार्ट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों ने न्यूनतम मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है। विरोध कर्ताओं करने वालों का कहना है को दिन–रात मेहनत करने वाले डिलीवरी पार्टनर्स की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। म्झांतज स्वहपेजपब जैसी बड़ी कंपनी में पहले प्रति पार्सल लगभग ध्18 तक भुगतान मिलता था, लेकिन अब कई जगह यह घटाकर ध्12 से ध्10 तक कर दिया गया है। इससे डिलीवरी कर्मचारियों में नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है। डिलीवरी पार्टनर्स का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल, मोबाइल रिचार्ज, बाइक सर्विस, टायर, इंश्योरेंस और रोजमर्रा के खर्च पहले से कहीं ज्यादा हो चुके हैं। ऐसे समय में मेहनताना बढ़ाने के बजाय कम कर देना कर्मचारियों के साथ अन्याय जैसा महसूस होता है।एक डिलीवरी पार्टनर ने बताया कि रोज 10 से 12 घंटे मेहनत करने के बाद भी पहले जैसी कमाई नहीं हो पा रही है। अगर किसी दिन पार्सल कम मिले या दूरी ज्यादा हो, तो कमाई और भी घट जाती है। इससे परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। सरकार और श्रम विभाग से मांग की गई है की गिग वर्कर्स और डिलीवरी कर्मचारियों को न्यूनतम उचित भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। इसमें सूरज अग्रहरि दीपक मौर्य सत्यप्रकाश पांडे राम औतार राय विकम गुप्ता वीरेंद्र यादव सहित दर्जनों डिलीवरी पार्टनर उपस्थित रहे व कम्पनी कर्मचारियों को मांग पत्र सौंपा।



# डीपीआरओ पर शासनादेश के उल्लंघन के आरोप

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। उन पर शासनादेश की खुलेआम अनदेखी करने के आरोप लग रहे हैं।बताया जा रहा है कि उन्होंने अपने करीबी और पसंदीदा ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को नियमों के विरुद्ध एक से अधिक क्लस्टर आवंटित कर दिए हैं। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों के बीच क्लस्टर का समान वितरण किया जाए।मामला केवल एक ब्लॉक तक सीमित नहीं है। भदैया ब्लॉक के कई पीड़ित अधिकारियों ने महीनों पहले ही जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी से इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि जिले के लगभग सभी ब्लॉकों में इसी तरह से करीबी अधिकारियों को कई–कई क्लस्टर दिए गए हैं। इस बीच पूर्व जिलाधिकारी कुमार हर्ष का तबादला हो चुका है लेकिन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी इस गंभीर मामले को नजरअंदाज किए जाने की चर्चा है। अब जिले में नवागत जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से प्रभावित अधिकारियों और कर्मचारियों को न्याय की उम्मीद है। उनका मानना है कि नए डीएम इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करेंगे।

# जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट गोदाम का किया निरीक्षण

मीरजापुर 28 अप्रैल 2026– जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने भिस्कुरी स्थित ई0वी0एमध्वी0वी0 पैट गोदाम का



मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तैनात सुरक्षा कमियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ई0वी0एम0ध्वी0वी0 पैट को सुरक्षित वातावरण में रखा जाये। निरीक्षण के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अषोक त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी से गिरीश दूबे, अपना दल एस से हेमंत बिन्द व संतोष विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रवि सोनकर, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से छोटे खान, जिला उपाध्यक्ष बासपा से सद्दाम राइन, आम पार्टी से मनबोध दूबे उपस्थित रहे।

# 3- 22 महीने तक रहे 'सबके खास', सख्ती बढ़ी तो अचानक गाली बाज बने ट्रैफिक इंस्पेक्टर

सुल्तानपुर(आरएनएस )। शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव की कोशिशें अब विभाग के भीतर ही खींचतान का कारण बनती दिख रही हैं। करीब 22 महीने से ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे निरीक्षक राम निरंजन यादव, जो कभी अपने सहयोगियों के बीच एक सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में जाने जाते थे, अब अचानक विवादों के केंद्र में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि हाल ही में पुलिस कप्तान द्वारा शहर के भीतर यातायात सुधार के लिए नया डायवर्जन और रोड मैप लागू किया गया है। इस नई व्यवस्था ने जहां ट्रैफिक को सुचारू करने की कोशिश की है, वहीं ड्यूटी में लगे पीआरडी और होमगार्ड जवानों की जिम्मेदारियां भी बढ़ा दी हैं। बढ़ते कार्यभार और सख्त निगरानी के चलते कुछ कर्मियों में असंतोष पनपने लगा है। सूत्रों की मानें तो इसी असंतोष के बीच ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के आरोप लगाए गए हैं। जिन जवानों के साथ कभी उनका तालमेल बेहतर माना जाता था, वही अब उनके खिलाफ शिकायत लेकर सामने आए हैं। इस पूरे मामले की जांच सीओ सिटी सौरभ सामंत को सौंपी गई है।हालांकि, विभागीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि सख्ती और अनुशासन लागू करने की कोशिशें अक्सर विरोध को जन्म देती हैं। कप्तान की नई कार्यशैली का असर सिविल और ट्रैफिक पुलिस दोनों में साफ नजर आ रहा है, जहां कामकाज की गति तो बढ़ी है, लेकिन उसके साथ तनाव भी उभरकर सामने आ रहा है। शायद यही वजह है कि खासकर ट्रैफिक ड्यूटी में लगे आराम तलब कर्मियों को कप्तान मैडम का यह फरमान भारी पड़ रहा है।

# जिलाधिकारी ने जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा

मीरजापुर । जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र,



सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुँचाने हेतु साधान उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिए मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, बाढ़ निरोधक कार्यों की सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पी०ए०सी०, पुलिस या होमगार्डस द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध, शहरो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहाँ रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो, वहाँ बिजली का उचित प्रबन्धा, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, डीजल और बिजली इत्यादि की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागोंध्संस्थानों के समन्वय कर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्रो में पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वर्षा से पूर्व सभी के टीकाकरण शत प्रतिशत पशुओ को लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग खण्ड–2 को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रास्तो पर जलभराव हो जाता है उन रास्तो पर आवागमन हेतु पुलिया, सड़क की मरम्मतीकरण कराना सुनिश्चित करें। टेण्डर अदि के बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते करा लिया जाए।

# चोरी की वारदातों से हड़कंप, मेडिकल कालेज में चोरी करते पकड़ा गया युवक

### दीवानी के पास से सोमवार को रिटायर्ड बैंक कर्मी की बाइक हुई चोरी

सुल्तानपुर(आरएनएस )। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुल्तानपुर के नगर क्षेत्र में बीते 48 घंटे के भीतर चोरी की तीसरी घटना सामने आई है। रिटायर्ड बैंक कर्मी त्रिलोकी नाथ पांडेय की बाइक सोमवार को चोरी हो गई है,जो दीवानी परिसर के पास खड़ी थी। मुकदमे की पैरवी करने आए पांडेय की बाइक अचानक गायब हो गई, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इधर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगातार हो रही छोटी–छोटी चोरियों के बीच एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि परिसर से नल की टोटियां और अन्य सामान चोरी हो रहा था। सुरक्षा गार्ड और स्टाफ की सतर्कता से युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।इससे पहले डाकघर चौराहे पर डॉ. संजय मिश्रा और डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी की क्लीनिक पर भी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही वारदातों के बावजूद नगर कोतवाली पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।शहरवासियों में दहशत का माहौल है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है।

# विष्वविद्यालय में पुस्तकों की खरीद में 33 करोड़ की धांधली

जौनपुर । पूर्वांचल विश्वविद्यालय एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। वर्ष 2017 से 2022 के बीच पुस्तकों की खरीद में करीब 33 करोड़ 29 लाख रुपये की धांधली का मामला सामने आया है। इस गंभीर मामले पर राजभवन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से नौ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है।यह मामला स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक खरीद को लेकर मिली शिकायत के बाद उजागर हुआ। शिकायतकर्ता उद्देश्य सिंह ने राजभवन और कुलपति को पत्र भेजा था, जिसके आधार पर विश्वविद्यालय ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कई महत्वपूर्ण खामियां सामने आईं।जांच में पाया गया कि पुस्तक खरीद के दौरान न तो निर्धारित टेंडर प्रक्रिया का पालन किया गया और न ही अधिक छूट प्राप्त करने के लिए कोई प्रतिस्पर्धी प्रयास हुआ। विश्वविद्यालय ने स्वयं स्वीकार किया कि 10 प्रतिशत से अधिक छूट हासिल करने के लिए कोई पहल नहीं की गई। पुस्तकालय समिति की बैठकों में भी इस संबंध में कोई प्रस्ताव दर्ज नहीं मिला। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि करोड़ों रुपये की खरीद से पहले वित्त समिति और कार्य परिषद से बजट प्रस्ताव पारित नहीं कराया गया। कई मामलों में तो वित्त समिति को इस बड़े खर्च की जानकारी तक नहीं थी।जानकारी के अनुसार, खरीदी गई पुस्तकों का न तो उचित रिकॉर्ड तैयार किया गया और न ही उनकी बारकोडिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। नियमानुसार, पुस्तकों को सॉफ्टवेयर में दर्ज करना अनिवार्य होता है, जिसका पालन भी नहीं किया गया। कोविड–19 महामारी के दौरान विश्वविद्यालय बंद रहने के बावजूद बड़ी संख्या में किताबें खरीदी गईं। जांच में यह भी सामने आया कि कई पुस्तकें बिना आवश्यकता के खरीदी गईं और उनकी उपयोगिता का आकलन नहीं किया गया, जिससे विद्यार्थियों को उनका लाभ नहीं मिल सका। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में इन सभी खामियों को स्वीकार किया है। अब विश्वविद्यालय सभी बिंदुओं पर जवाब तैयार कर राजभवन को भेजने की प्रक्रिया में है। इस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई राजभवन के निर्देशों पर निर्भर करेगी। मामले की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि इस तरह का मामला सामने आया है राज भवन से रिपोर्ट मांगी है और जिस पर आरोप लगा है उनसे भी स्पस्टीकरण मांगा गया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की सुस्ती न बन जान जाय मुसीबत

जौनपुर। जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली षिथिल पड़ गयी है। कहीं भी जांच पड़ताल होता नहीं दिख रहा है कही इसकी वजह से बड़ी घटना को अंजाम न दे जो मुसीबत बन जाय। शहरी क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा को लेकर जहां विभाग की जिम्मेदारी सबसे अहम मानी जाती है, वहीं आरोप लग रहे हैं कि जांच और निरीक्षण के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। शहर में घनी आबादी वाले इलाकों में संचालित नाश्ता, होटल और खान–पान के प्रतिष्ठानों पर विभागीय कार्रवाई को लेकर आम जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे दुकानदारों पर तो विभाग द्वारा कार्रवाई दिखती है, लेकिन बड़े और नामचीन होटल व ढाबा संचालकों के खिलाफ सख्त कदम कम ही नजर आते हैं। यह भी आरोप सामने आ रहे हैं कि कुछ मामलों में 'सुविधा शुल्क' के बाद निरीक्षण प्रक्रिया को औपचारिक रूप देकर मामला शांत कर दिया जाता है, जबकि सार्वजनिक रूप से विभाग अपनी कार्रवाई को प्रभावी बताता है। नगर के कई क्षेत्रों में ऐसे होटल संचालित है जहां खुलेआम ग्राहकों को शराब पीने की सुविधा मुहैया कराई जाती हैं और चिकन मटन पका कर उन्हें परोसा जाता हैं जिसका पूरा भुगतान वह ग्राहक उस होटल संचालक को कर देता है किन्तु होटल द्वारा जो चिकन मटन अपने ग्राहकों को परोस रहा है क्या उसकी गुणवत्ता की जांच की जाती हैं यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। आरोप है बड़े प्रतिष्ठानों पर नियमित रूप से सैंपलिंग और गुणवत्ता की जांच होती है, या फिर कार्रवाई का दायरा केवल छोटे दुकानदारों तक ही सीमित रह जाता है। इसके साथ ही कुछ उपभोक्ताओं ने बिलिंग व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें की हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर मिर्जापुर में स्वागत की तैयारी संपन्न

मिर्जापुर आज भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज की अध्यक्षता में कल दिनांक 29 अप्रैल 2026 को यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी के मीरजापुर प्रथम आगमन हेतु जिला पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक सम्पन्न हुई । जिलाध्यक्ष जी ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी 29 अप्रैल को सुबह 6 बजे माता विंध्यवासिनी देवी जी के दर्शन हेतु जनपद मीरजापुर में आ रहे हैं । जिनके स्वागत हेतु निम्न स्थानों का चयन किया गया है जिसका विवरण निम्नलिखित है

1– पुरजागीर चौराहा पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में चुनार विधायक अनुराग सिंह एवं विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह के साथ कोन, नगर पूर्वी, कछवां, मझवां, चुनार, सीखड, कैलहट, नरायनपुर, जमालपुर मण्डल तथा उक्त मण्डलों में निवास



करने वाले सभी प्रदेश क्षेत्र जिला मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत करेंगे संयोजक जिला महामंत्री डॉ0सी0एल0 बिन्द एवं जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नारायण सिंह रहेंगे ।

2– नटवा तिराहा पर मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के साथ, नगर पश्चिमी, सिटी उत्तरी, सिटी दक्षिणी, पहाड़ी, मड़िहान, राजगढ़, सक्तेशगढ, अदलहाट, अहरौरा मण्डल तथा उक्त मण्डलों में निवास करने वाले सभी प्रदेश क्षेत्र जिला मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ तक के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सभी सभासदगण संख्या के साथ एवं महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता बहनें राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत करेंगे । संयोजक जिला उपाध्यक्ष गौरव ऊमर एवं जिला उपाध्यक्ष उदयभान तिवारी रहेंगे ।

3– अटल चौक पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली एवं मझवा विधायक श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या के साथ गैपुरा, छानबे, लालगंज, दुबार, गड़बड़ाधाम, हलिया मण्डल तथा उक्त मण्डलों में निवास करने वाले सभी प्रदेश क्षेत्र जिला मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं किसान मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ एवं विभाग के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे । संयोजक जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह जी, जिला मंत्री रोहित त्रिपाठी एवं मीडिया प्रभारी भावेश शर्मा रहेंगे ।

# वृद्धाश्रम में मना केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन , साड़ी एवं अंगवस्त्र किए वितरित

केंद्रीय राज्य मंत्री एव सांसद अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन पार्टी के नेताओं द्वारा विन्ध्याचल स्थित मातृ–पितृ सदन वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ धूम धाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा बुजुर्गों के केंद्रीय मंत्री के लिए आशीर्वाद की कामना करते हुए महिलाओं को उपहार स्वरूप साड़ी एवं बुजुर्गों को अंगवस्त्र बांटे और उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश पटेल ने कहा कि इन माता–पिता के बीच आकर जो सुकून मिला, वह किसी भी उत्सव से बड़ा है इन सबके आशीर्वाद से लगातार तीसरी बार अनुप्रिया पटेल जी देश के सांसद में पहुंची है उनकी प्रेरणा से इनके बीच आने का अवसर मिला है ।





इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रामविलास यादव ने बताया कि इस वृद्धा आश्रम में 150 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन वृद्धाश्रम मनाया जाना प्रेरणादायक है,वहां मौजूद वृद्धजनों ने भजन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को आशीर्वाद दिया इस दौरान प्रदेश सचिव रामबृक्ष बिंद, युवा जिला महासचिव हर्षित सिंह पटेल,लव द्विवेदी,विशंभर पाण्डेय ,वृद्ध आश्रम के मैनेजर चंद्र पाल विभाग ,शिवानी मिश्रा ,राजेश चौधरी , रियाज अहमद आदि मौजूद रहे ।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के सिटीजन फीडबैक के लिए जनता को करे जागरूक,ईओ जी लाल ने की बैठक

मीरजापुर ।नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर ईओ जी लाल ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर स्वच्छता निरीक्षक,सफाई नायकों,और स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों साथ समीक्षा बैठक की ।बता दे कि प्रधान कार्यालय में हुई इस बैठक में ईओ जी लाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सिटीजन फीडबैक कराने का निर्देश दिया है ।उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वार्डों में लोगो को सिटीजन फीडबैक के बारे में जानकारी दे और अधिक से अधिक संख्या में लोगों का फीडबैक कराए ।वार्डों में सफाई निरीक्षक,सफाई नायक,सफाई मित्र और डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन से जुड़े कर्मचारियों को कहा कि वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है,नालियों की गहरी सफाई कराए,वार्डों में सुखा और गिला कूड़ा अलग–अलग लेने के साथ जनता को भी कूड़ा अलग अलग देने के लिए जागरूक करे। जिससे आगामी रैंकिंग में मीरजापुर को और बेहतर स्थान मिल सके ।इसके साथ ही 1533 पर आने वाले आमजनों की शिकायतों का निस्तारण शत प्रतिशत कराए,जिससे आम जनता की समस्या का निस्तारण हो सके ।स्वच्छ सर्वेक्षण पर जिन बिंदुओं पर अंक मिलना है,उस बिंदुओ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे सर्वेक्षण में ज्यादा अंक मीरजापुर नगर पालिका परिषद को मिल सके ।इसके लिए सबको मिलकर काम करना होगा,तभी आगामी सर्वेक्षण में बेहतर स्थान मिल सकेगा ।इस मौके पर सीएसआई मनोज सेठ, डीपीएम संजय सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# पंजाब से दिल्ली तक सियासी 'सुनामी' संकट में आप

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है ।भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों का भाजपा में विलय केवल एक खबर नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा श्ब्लैकआउटश है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के 7 सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है। यह सिर्फ दल–बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो–तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के




बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढ़हने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने–सामने खड़ी दिखाई देती हैं। संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो–तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।पंजाब की राजनीति और 2027 का रण पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल–बदल नहीं बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि भरोसे और प्रभाव का क्षरण है। सबसे बड़ी चुनौती भगवंत मान के सामने है। यह उनके नेतृत्व और राजनीतिक संतुलन की सीधी परीक्षा है। राघव चड्ढा को लंबे समय तक सरकार और संगठन के बीच रणनीतिक कड़ी माना जाता रहा, उनके हटने से यह संतुलन डगमगाता दिख रहा है। दूसरी ओर, भाजपा इस घटनाक्रम को अवसर में बदलने की कोशिश में है। भाजपा पंजाब में हमेशा से एक श्छोटा भाईश (अकाली दल के साथ) बनकर रही है लेकिन 7 सांसदों के आने से, जिनमें सिखों और उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व है, भाजपा अब 2027 में श्अकेले दमश पर सरकार बनाने का सपना देख रही है। अब तक सहयोगी राजनीति तक सीमित रही भाजपा अब पंजाब में स्वतंत्र शक्ति बनने की दिशा में आक्रामक कदम बढ़ाती दिख रही है और 2027 का रण अब पहले से कहीं अधिक खुला और अनिश्चित हो गया है।क्या खत्म हो जाएगी आप?इतिहास गवाह है कि क्षेत्रीय दल जब ऐसे बड़े विद्रोह का सामना करते हैं तो अक्सर वे या तो बिखर जाते हैं या फिर सिमटकर रह जाते हैं लेकिन आप की स्थिति थोड़ी भिन्न है। इसका सबसे बड़ा कारण है अरविंद केजरीवाल का व्यक्तित्व। आम आदमी पार्टी का आधार अरविंद केजरीवाल की 'व्यक्तिगत ब्रांडिंग' पर टिका है। जब तक दिल्ली और पंजाब जैसे अहम राज्यों में उनका जनाधार सुरक्षित है, तब तक 'आप' का पूर्ण पतन लगभग असंभव प्रतीत होता है। इसके समानांतर, 'आप' की ताकत उसका विकसित कैडर ढांचा है। आप ने पिछले एक दशक में एक मजबूत कैडर तैयार किया है। हालांकि शीर्ष स्तर पर योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण और अब राघव चड्ढा जैसे प्रमुख चेहरों का अलग होना पार्टी को बड़ा झटका देता है लेकिन जमीनी कार्यकर्ता अब भी पार्टी की विचारध ाारा से जुड़े हैं। एक वैकल्पिक, जनोन्मुख और व्यवस्था–विरोधी नेता की केजरीवाल की छवि अब भी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी बनी हुई है। राष्ट्रीय राजनीति में बदलता खेलराष्ट्रीय राजनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य में यह घटनाक्रम सत्ता–संतुलन को निर्णायक रूप से प्रभावित करता है। राज्यसभा में सात सांसदों के जुड़ने से भाजपा की स्थिति और सुदृढ़ हुई है, जिससे अब महत्वपूर्ण विध ेयकों के पारित होने में उसकी छोटे दलों पर निर्भर रहने की बाध्यता कम हो गई है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन के लिए यह स्पष्ट झटका है क्योंकि 'आप' इस गठबंधन की मुखर आवाज रही है। सबसे गंभीर आघात 'आप' की वैचारिक विश्वसनीयता पर पड़ा है। जो पार्टी 'ईमानदार राजनीति' को अपनी पहचान मानती रही, उसी के भीतर से वैचारिक विचलन और आरोपों का उठना उसके नैरेटिव को कमजोर करता है। यह स्थिति नेतृत्व शैली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है, लगातार बड़े चेहरों का अलग होना इस ओर संकेत करता है कि संवाद की कमी और निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण आंतरिक असंतोष को जन्म दे रहा है। राष्ट्रीय विस्तार की महत्वाकांक्षा पर भी इसका प्रभाव पड़ना तय है। दिल्ली और पंजाब से आगे बढ़ने की जो रणनीति थी, वह अब ध ाीमी पड़नी तय है, विशेषकर तब, जब पंजाब, जो 'आप' का सबसे मजबूत गढ़ है, स्वयं इस राजनीतिक भूकंप के केंद्र में आ खड़ा हुआ है।आप के लिए अग्निपरीक्षा का समय यह कहना जल्दबाजी होगी कि 7 सांसदों के जाने से आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी। राजनीति में रिक्तियां हमेशा भर दी जाती हैं। हालांकि यह निश्चित है कि आप अब अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रही है।

## सम्पादकीय

### चिंगारी पड़ते ही लपटें

सरकार ने उलझे हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उसने समस्या को महज कानून–व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी कामयाबी नहीं मिली है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं।

मणिपुर में हालात लगातार इतने सुलगे हुए हैं कि कोई भी चिंगारी पड़ते ही लपटें उठने लगती हैं। बिशुनपुर जिले में मंगलवार को बम फेंके जाने की घटना के बाद यही हुआ। बम एक आम परिवार के घर पर फेंका गया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। उसके बाद भड़की भीड़ ने जगह– जगह सुरक्षा ठिकानों सहित अन्य स्थलों को निशाना बनाया। उन पर हुई पुलिस कार्रवाई में दो और लोग मारे गए। पांच जिलों में कर्फ्यू लगाते हुए इंटरनेट बंद करना पड़ा। बम संभवतरू कुकी उग्रवादियों ने फेंका, जिसका शिकार मैतेई परिवार बना। बाद में विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए दोनों व्यक्ति मैतेई समुदाय के ही हैं। इन घटनाओं ने फिर जाहिर किया है कि मणिपुर में हालात लगातार असामान्य बने हुए हैं। बल्कि मई 2023 में हिंसा शुरू होने के बाद से वहां मैतेई और कुकी समुदायों के बीच खाई लगातार चौड़ी होती गई है। इससे पूरे राज्य में अविश्वास का माहौल है। केंद्र और राज्य सरकारों ने उलझते गए हालात का हल निकालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की है। उन्होंने समस्या को महज कानून– व्यवस्था के नजरिए से देखा है। मगर उस मोर्चे पर भी प्रशासन कामयाब नहीं हुआ है, जिसकी मिसाल ताजा घटनाएं हैं। वैसे जहां अशांति की जड़ में दो समुदायों के बीच जारी तनाव हो, वहां कानून– व्यवस्था संबंधी उपायों से सामान्य स्थिति बहाल नहीं की जा सकती।

इस मोर्चे पर सत्ताधारी दल या किसी अन्य राजनीतिक पक्ष ने जमीनी पहल नहीं की है। आवश्यकता दोनों में समुदायों के बीच संवाद बनाने और सद्भाव पैदा करने की है, ताकि उनमें एक– दूसरे के प्रति गहराते गए वैर भाव को दूर करने का रास्ता निकले। फिलहाल सूरत यह है कि कुकी संगठन अलग प्रदेश की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्हें नहीं लगता मैतेई बहुल मणिपुर में वे सुरक्षित रह पाएंगे। केंद्र ने मणिपुर में मुख्यमंत्री बदल कर नई सरकार में कुकी विधायकों को नुमाइंदगी देते हुए मसले का हल निकालने की कोशिश की। लेकिन उससे बात नहीं बनी है। अतरू अब ऐसी जमीनी पहल की जरूरत है, जिसमें दोनों पक्षों का भरोसा और भागीदारी हो।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतदाता इतनी बड़ी संख्या में क्यों निकल कर बाहर आए?

पश्चिम बंगाल में मतदाताओं ने भारतीय राजनीतिक इतिहास में पहली बार 92.55 फीसदी वोट करके रिकॉर्ड कायम कर दिया।इससे पहले 84.61 फीसदी मतदान का रिकॉर्ड था तब भी बंगाल में ही हुआ था। लेकिन राजनीति विश्लेषकों का मानना है कि बढ़ा हुआ मतदान एस आई आर ( मतदाता सूची के गहन परीक्षण) के कारण हुआ है क्योंकि बोगस मतदाता सूची से पृथक हो गया और बंगाल में 294 विधानसभा सीटों पर करीब नब्बे लाख मतदाता हटे इस कारण वोटिंग प्रतिशत पर घनात्मक परिवर्तन हुआ बताया जाता है कि बंगाल से बाहर गए लोग भी इस डर शत प्रतिशत वोट करने रेलगाड़ियों से आए कि उनका मतदाता सूची से नाम पृथक नहीं हो जाय और उनकी शासकीय योजनाओं में से नाम पृथक नहीं हो सकता है यहां तक कि उनका आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट समाप्त न हो जाएगा। सही बात भी मीडिया, राजनीतिक नेता नहीं कह रहे हैं कि भला हो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिन्होंने एस आई आर कराया और बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 2400 कंपनियों पैरा मिलिट्री फोर्स की मतदान केंद्र की सुरक्षा और निष्पक्ष मतदान के लिए लगाई जिन्होंने चुनावी हिंसा को रोका।इससे पहले बंगाल में रक्त रंजित ही चुनाव होते रहे थे।इसी सुरक्षा और एस आई आर के चलते रिकॉर्ड और शांति पूर्ण चुनाव हुआ है लेकिन असली बात कहने को कोई राजी नहीं है। वरना भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिवेंदु सरकार को तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने क्या हाल किया । हिमायु कबीर की किस तरह धुनाई की गई वह तो वहां पर सीआरपीएफ थी वरना तुड़मूल कांग्रेस के गुंडों ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। बिहार, महाराष्ट्र, असम, केरल, पांडिचेरी, हरियाणा,दिल्ली, तमिलनाडु में भी एस आई आर ने कमाल कर दिया है।चुनाव विशेषज्ञ यशवंत देशमुख का मानना है कि एस आई आर के विभिन्न राज्यों अच्छे परिणाम आए हैं और इस दिशा चुनाव आयोग ने उल्लेखनीय कार्य किया है। सूत्रों के मुताबिक अब भारत में जब सभी राज्यों में एस आई आर हो जाएगा तो एक स्थाई मतदाता सूची बन जाएगी जैसा अमेरिका, ब्रिटिश, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली सहित अनेक देशों में है।

और यह सूची ऑनलाइन होगी।जब मतदाता फॉर्म 6,7,8 भरेगा उसका नाम विधानसभा क्षेत्र से पृथक उसकी चाही गई विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कर दिया जाएगा। इससे नवीनतम जनगणना को भी लिंक किया जाएगा।

# अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक हिंसा ने सबको चौंकाया, ट्रंप से पहले भी कई अमेरिकी राष्ट्रपति बन चुके हैं बंदूक का निशाना

वैसे अमेरिका का इतिहास राष्ट्रपति स्तर पर राजनीतिक हिंसा से अछूता नहीं रहा है। 1865 में अब्राहम लिंकन की हत्या से लेकर 1963 में जॉन एफ केनेडी की हत्या तक कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को झकझोर दिया। वाशिंगटन में घटी एक चौंकाने वाली घटना ने एक बार फिर अमेरिका की राजनीति में हिंसा की गहरी जड़ों को उजागर कर दिया है। शनिवार रात लगभग आठ बजकर छत्तीस मिनट पर व्हाइट हाउस संवाददाताओं के वार्षिक रात्रिभोज के दौरान अचानक गोलियों की आवाज ने माहौल को दहला दिया। यह कार्यक्रम वाशिंगटन हिल्टन होटल में आयोजित हो रहा था, जहां देश की राजनीति, मीडिया और मनोरंजन जगत के प्रमुख लोग एकत्रित थे। इस अप्रत्याशित हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना ने न केवल उस शाम को अफरातफरी में बदल दिया, बल्कि अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में हिंसा की पुरानी यादों को भी ताजा कर दिया। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब ट्रंप पहले ही पिछले दो वर्षों में तीन हमलों का सामना कर चुके हैं। यह हालिया प्रयास एक बार फिर इस बात को रेखांकित करता है कि अमेरिका में राजनीतिक तनाव किस हद तक बढ़ चुका है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, हमलावर कोल एलन नामक एक 31 वर्षीय व्यक्ति था, जिसे मुख्य सभागार तक पहुंचने से पहले ही काबू कर लिया गया। राष्ट्रपति को इस घटना में कोई चोट नहीं आई, लेकिन इसने देश भर में चिंता की लहर पैदा कर दी है।हम आपको याद दिला दें कि इससे पहले जुलाई 2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर नामक छोटे शहर में चुनावी रैली के दौरान ट्रंप पर गोलीबारी हुई थी। एक हमलावर ने पास की इमारत की छत से आठ गोलियां चलाई थीं। इस हमले में ट्रंप के कान को हल्की चोट लगी थी, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद सितंबर में फ्लोरिडा स्थित ट्रंप के गोल्फ क्लब के पास भी एक संदिग्ध व्यक्ति को हथियार के साथ पकड़ा गया था, जिसे हत्या की साजिश के रूप में देखा गया। उसी वर्ष अक्टूबर में कैलिफोर्निया में एक और संदिग्ध को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था, जिसने ट्रंप की सुरक्षा को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया था।वैसे अमेरिका का इतिहास राष्ट्रपति स्तर पर राजनीतिक हिंसा से अछूता नहीं रहा है। 1865 में अब्राहम लिंकन की हत्या से लेकर 1963 में जॉन एफ केनेडी की हत्या तक कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को झकझोर दिया। लिंकन और केनेडी के अलावा जेम्स गारफील्ड और विलियम मैकिनले भी ऐसे राष्ट्रपति रहे जिन्हें पद पर रहते हुए गोली मार दी गई थी। इसके अलावा कई ऐसे नेता भी रहे जिन्होंने हमलों से बचकर अपनी जान बचाई। थियोडोर रूजवेल्ट पर 1912 में एक व्यक्ति ने गोली चलाई थी, लेकिन वह बच गए थे। इसी तरह 1981 में रोनाल्ड रीगन पर वाशिंगटन में एक हमलावर ने गोली चलाई थी। रीगन को गंभीर चोटें आईं, लेकिन त्वरित चिकित्सा सहायता से उनकी जान बच गई।

# भारत-न्यूजीलैंड ने नए आर्थिक संघ की शुरुआत की दोनों देशों के लोगों के लिए एक लाभकारी समझौता'

आधुनिक आर्थिक इतिहास के अधिकाँश समय के लिए व्यापार का तर्क सरल थारू तुलनात्मक लाभ। यह प्रणाली काम करती थी – जब तक कि यह समझौता नहीं हुआ था। हाल के वर्षों में, भू–राजनीतिक तनावों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के साथ, व्यापार समझौतों की संरचना का फिर से निर्माण किया जा रहा है। समान विचारधारा वाले लोकतंत्रों के लिए, सवाल अब यह नहीं है कि एकीकृत होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह कि कितना गहराई से और कितनी तेजी से एकीकृत होना चाहिए। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है। देश ने पूर्व कृइस बार भारत–प्रशांत क्षेत्र कृ की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। भारत ऐसे साझेदारों की तलाश में है, जो आर्थिक एकीकरण और अपने नागरिकों की समृद्धि के लिए इसके दृष्टिकोण को साझा करते हैं। न्यूजीलैंड के रूप में, भारत को बिल्कुल ऐसा ही देश मिला।

यह रिश्ता लंबे समय से बन रहा था और पहली नजर में इसका विस्तार व्यापार से आगे तक है। लगभग 3,00,000 भारतीय मूल के लोग न्यूजीलैंड में रहते हैं, जो इसकी आबादी का लगभग 5 प्रतिशत हैंकृ ये एक ऐसे सेतु का निर्माण करते हैं, जो उतना ही सांस्कृतिक है, जितना कि आर्थिक। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार वित्त वर्ष 2024–25 में 1.3 बिलियन डॉलर पहुंच गया और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी कृ यह आंकड़ा तेज वृद्धि का संकेत देता है। सेवा व्यापार भी 13 प्रतिशत बढ़ गया है। दो क्रिकेट राष्ट्रों का एक साथ आना, न केवल रोमांचक है, बल्कि पहले से चल रही साझेदारी को भी रेखांकित करता है।प्रतिस्पर्धी निर्माण केंद्रों के बीच व्यापार समझौतों के विपरीत, इस साझेदारी की ताकत इसकी पूरक भूमिका में निहित है। भारत पैमाने की पेशकश करता हैरू 1.4 अरब लोग, एक उभरता हुआ मध्यम वर्ग और एक विश्वस्तरीय डिजिटल और सेवा अवसंरचना। न्यूजीलैंड विशेषज्ञता की पेशकश करता हैरू उच्च–तकनीक कृषि, सतत वानिकी और विशिष्ट निर्माण तकनीक। दोनों देशों की पूरक भूमिका ही इस साझेदारी की नींव है।

बेहतर बाजार पहुंचरू

एफटीए स्पष्टता और आकर्षक विशेषताओं के साथ संतुलन स्थापित करता है। भारत ने संवेदनशील उत्पादों को बाहर रखा है, जैसे डेयरी, अधिकांश पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, कृत्रिम शहद, वसा और तेल, हथियार और गोला–बारूद, तांबा और एल्युमिनियम के सामान। शत–प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क हटा दिए गये हैं, जिससे निरंतर मौजूद बाधा समाप्त हो गयी हैरू यह बाधा प्रमुख शुल्क लाइनों पर 10 प्रतिशत तक के शुल्क के रूप में मौजूद थी। यह प्रगति श्रम–गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, सिरामिक और कालीन तथा उच्च–वृद्धि वाले वाहन और इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए तत्काल प्रतिस्पर्धा आध ाारित प्रोत्साहन प्रदान करती है। भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, अब न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश कर रहा है, जो लगभग 1.9 बिलियन डॉलर मूल्य के ऐसे सामानों का वार्षिक आयात करता है और शून्य–शुल्क पहुँच की सुविधा देता है। इंजीनियरिंग निर्यात, जो दुनिया भर में 110 बिलियन डॉलर से भी अधिक हो गया है, अब ऐसे बाजार में भी वैसी ही गति पकड़ रहा है, जो 11 बिलियन डॉलर के इंजीनियरिंग उत्पाद आयात करता है। चमड़ा, दवाएँ, समुद्री उत्पाद और प्लास्टिककृये सभी क्षेत्र जो पहले टैरिफ की वजह से बाधित थेकृअब आगे बढ़ने और फलने–फूलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत–प्रशांत क्षेत्र में विविधीकरण और विस्तारयह समझौता दोनों देशों को उनके पारंपरिक बाजारों से हटकर अपने व्यापार में विविध ाता लाने में मदद करता है। एक ओर, यह भारत को न्यूजीलैंडकृजो संसाधनों से समृद्ध एक विकसित अर्थव्यवस्था हैकृमें शुल्क–मुक्त बाजार पहुंच प्रदान करता हैय वहीं दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की कंपनियों के लिए यह न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारतीय बाजार, जहाँ 1. 46 अरब लोग रहते हैं, के द्वार खोलता है, बल्कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था तक भी पहुंच सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, यह न्यूजीलैंड को चीन पर अपनी निर्यात निर्भरता कम करने में मदद करता हैकृक्योंकि उसके कुल माल निर्यात का 28त्न से अधिक हिस्सा चीन जाता हैकृऔर साथ ही इसकी आयात आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुदृढ़ता लाने में भी सहायक सिद्ध होता है। अब भारत की पहुंच केवल किसी एक विकसित अर्थव्यवस्था तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी पहुंच दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के एक व्यापक क्षेत्रीय इकोसिस्टम तक हो गई है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए अधिक निश्चितता और बड़े पैमाने पर अपना परिचालन करना कहीं अधिक आसान हो गया है। यह बाजार तक पहुँच में बिखराव को कम करता है और उन व्यवसायों के लिए एक सुगम मार्ग तैयार करता है, जो प्रशांत क्षेत्र में अपना विस्तार करना चाहते हैं। भारत में व्यापार–आधारित विकास कई विकल्प देता है। देश के स्तर पर, भारत–न्यूजीलैंड एफटीए से व्यापक और संरचना निहित लाभ मिलने की उम्मीद है, जो भारत के निर्यात आधार के भौगोलिक रूप से व्यापक और क्षेत्रीय रूप से विशिष्ट स्वरूप को प्रतिबिंबित करता है। गुजरात के रसायन और रत्न, महाराष्ट्र की दवाएं और वाहन कल–पुर्जे, तमिलनाडु के वस्त्र, उत्तर प्रदेश के चमड़े और हस्तशिल्प, पंजाब के कृषि–आधारित उत्पाद, कर्नाटक की दवाएं और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा पश्चिम बंगाल की चाय और इंजीनियरिंग सामानकृये सभी बेहतर मूल्य प्रतिस्पर्धा से लाभ प्राप्त करने की स्थिति में हैं। आंध्र प्रदेश और केरल जैसी तटीय अर्थव्यवस्थाओं को समुद्री निर्यात में बेहतर मूल्य प्राप्ति होगी, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र को चाय, मसाले, बांस और जैविक उत्पादों के लिए बेहतर बाजार पहुँच मिल सकती है। अब निर्यात में और विविधता लायी जा सकती है। सौभाग्य से, व्यापार दोनों तरफ से होता है। भारत ने अपनी 70. 03त्न टैरिफ लाइनों पर टैरिफ में ढील दी है, जबकि 29.97त्न टैरिफ लाइनों को छूट से बाहर रखा हैय इसमें न्यूजीलैंड के साथ मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार के 95त्न मूल्य को शामिल किया गया है। उद्योग के लिए हमारे मुख्य इनपुट पर तुरंत ड्यूटी खत्म कर दी गई है। लकड़ी और लकड़ी के गूदे जैसे आयात से कागज, पैकेजिंग, फर्नीचर और निर्माण क्षेत्रों को मदद मिलेगी। यह समझौता ऊन, और लौह व अलौह पदार्थों के कचरे और स्क्रैप तक पहुँच को भी बेहतर बनाता है, जिससे घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। ये विनिर्माण को बढ़ावा देने वाले कारक हैं। इनकी लागत कम करके, यह समझौता एक महत्वपूर्ण काम करता हैरू यह भारतीय विनिर्माण के प्रतिस्पध र्ाा आधार को बदल देता है।न्यूजीलैंड के लिए, हिसाब–किताब अलग है। भारत का मतलब है बड़ा पैमानाकृविविध ाीकरण की रणनीति में एक जरूरी कड़ी, जो इतने बड़े मौके देती है

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आपके मित्र आपसे मिलने आएगा, जिनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल–मिलाप होगा।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता–पिता काफी खुश नजर आएंगे।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।

धनु राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा।

मीन राशि–
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी

# 594 कि0मी0 एक्सप्रेसवे का पीएम मोदी बुधवार को करेंगे उद्घाटन

मेरठ। मेरठ से प्रयागराज से मेरठ के बीच 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर देश के विकास का पहिया 29 अप्रैल यानी कल (बुधवार) से दौड़ने लगेगा। यूपी के इस सबसे लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे को उत्तराखंड के हरिद्वार तक जोड़ा जाएगा। फिलहाल छह लेन वाले इस एक्सप्रेसवे को आने वाले समय में आठ लेन का किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे।

36,230 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के 12 जिले और 519 गांवों से होकर गुजरेगा। इसमें मेरठ, बुलंदशहर, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज जैसे बड़े महानगर भी शामिल हैं। एक्सप्रेसवे पर 3.5 किमी लंबा एयरस्ट्रिप भी बनाया गया है। इस पर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान भी आपात लैंडिंग कर सकेंगे। हापुड़ के ब्रजघाट में गंगा पर एक किमी और इससे आगे रामगंगा पर 720 मीटर लंबे पुलों से इस एक्सप्रेसवे को गुजारा गया है। दोनों नदियों के ऊपर से गुजरते समय लोगों को अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इसमें 381 अंडरपास, 14 मुख्य पुल, 126 छोटे पुल और 929 पुलिया शामिल हैं।बिजौली (मेरठ) से चांदनेर (हापुड़) 48.9 किमी, चांदनेर (हापुड़) से मिर्जापुर डूंगल (अमरोहा) 30 किमी,मिर्जापुर डूंगल (अमरोहा) से नगला बरहा (बदायूं) 50.7 किमी,नगला बरहा (बदायूं) से बिनावर (बदायूं) 52.1 किमी, बिनावर (बदायूं) से दरी गुलऊ



(शाहजहांपुर) 46.7 किमी, दरी गुलऊ (शाहजहांपुर) से उबरिया खुर्द (हरदोई) 52.9 किमी है। उबरिया खुर्द (हरदोई) से इकसाई (हरदोई) 52.4 किमी, इकसाई (हरदोई) से रैया माओ (उन्नाव) 50.2 किमी, रैया माओ (उन्नाव) से सरसों (उन्नाव) 53.1 किमी,सरसों (उन्नाव) से तेरुखा (रायबरेली) 51.8 किमी, तेरुखा (रायबरेली) से नौढ़िया (प्रतापगढ़) 52 किमी, नौढ़िया (प्रतापगढ़) से जूड़ापुर दांदू (प्रयागराज) 53 किमी है। यह एक्सप्रेसवे मेरठ को सीधे प्रयागराज से जोड़ेगा। सरकार ने एक्सप्रेसवे की खूबियों को जन–जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है।

# खरीफ 2026 में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सामान्य बीज एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु कृषकों द्वारा आवेदन बुकिंग प्रारम्भ

मेरठ। उप कृषि निदेशक ने बताया कि खरीफ 2026 में कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में समस्त बीज पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के स्थान पर बुकिंग कराते हुए ई–लाटरी के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत समान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणितध्संकर) की बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल पर दिनांक 22 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ कर दी गयी है, जिसकी कट आफ तिथि 10 मई 2026 निर्धारित है।विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत समान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज (प्रमाणितधसंकर) के लाभार्थियों का चयन ई–लॉटरी पद्धति द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा। इच्छुक कृषक, जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें कृषि दर्शन–1 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से बुकिंगध्आवेदन करना होगा। महत्वपूर्ण बिंदु–बुकिंग प्रारम्भ होने की तिथि 22 अप्रैल 2026 समाप्ति की तिथि 10 मई 2026, बुकिंग का माध्यमः कृषि विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंगध्आवेदन करना होगा, कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही समान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज (प्रमाणितध्संकर) हेतु बुकिंगध्आवेदन कर सकेगा, जनपद के लक्ष्य से अधिक आवेदन होने की दशा में ई–लॉटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा, ।

# नगर निगम बोर्ड बैठक में नारी वंदन अधिनियम पर निंदा प्रस्ताव पास, विपक्ष पर बरसे सांसद अरुण गोविल

मेरठ। मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद प्रेक्षागृह में नगर निगम की विशेष बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सांसद अरुण गोविल ने नारी वंदन अधिनियम संशोधित विधेयक पारित न होने को लेकर निंदा प्रस्ताव रखा, जिसे भाजपा के सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। बैठक की अध्यक्षता महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने की।सांसद अरुण गोविल ने विपक्ष पर साधा निशानाबैठक के दौरान सांसद अरुण गोविल ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां महिलाओं के हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए नारी वंदन अधिनियम बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन विपक्षी दलों के रवैये से यह पारित नहीं हो पाया। इस विशेष बोर्ड बैठक में ऊर्जा मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर और कैंट विधायक अमित अग्रवाल भी मौजूद रहे।

# गाय को बचाने के चक्कर बाइक से गिरकर दंपती घायल, पीएचसी में चल रहा उपचार

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर–रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित महेशपुर गांव में सुबह नौ बजे के करीब गाय से टकराकर बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायल पति पत्नी को उपचार हेतु एंबुलेंस सेवा 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के छापर हरदौन गांव निवासी 38 वर्षीय शेषमणि कोरी अपनी 35 वर्षीया पत्नी सीमा देवी के साथ रविवार की शाम हलिया क्षेत्र के गोविंदिया गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार सुबह पत्नी को बाइक पर बैठाकर घर वापस लौट रहे थे जैसे ही महेशपुर गांव नेशनल हाईवे पर पहुंचे कि अचानक एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने के चक्कर में बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर पीछे बैठी पत्नी के सिर तथा चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं वहीं पति के हाथ और पैर में चोटें आई हैं मौके पर पहुंचे ग्रामीणों घायल दंपती को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा। जहां डा आलोक सिंह यादव व डा रीना सिंह द्वारा उपचार किया जा रहा है।

# गौ सम्मान अभियान के तहत सौंपा ज्ञापन, राज्यपाल से गौवंश सुरक्षा की मांग

मड़िहान, मीरजापुर। तहसील परिसर में सोमवार को गो वंस सम्मान,सुरक्षा हेतु गो भक्त संत समाज के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राज्य पाल को संबोधित करते हुए एक दर्जन मांगो को रखते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत मड़िहान तहसील परिसर में दर्जनों की संख्या में गो भक्त, संत समाज भारत के क्षेत्रीय सजग नागरिकों ने राज्यपाल को संबोधित करते हुए गोवंश पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु सख्त कानून बनाने का मांग पत्र बनाकर तहसीदार आशीष पांडे को पत्रक सौपा।पत्र के माध्यम से बताया कि स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति 10 गोवंश की उपलब्धता थी, वहीं आज घटकर प्रति 10 व्यक्ति पर एक गोवंश चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। आज देसी गाय विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि भारत की मूलभूत लोकतांत्रिक सांस्कृतिक जड़े कमजोर हो गई है। जिसके हेतु सरकार को एकीकृत केंद्रीय कानून एवं स्वतंत्रता मंत्रालय संवैधानिक सर्वोच्चता के तहत सभी देशी गोवंश को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आराध्या के रूप में संवैधानिक मान्यता दिए जाने की मांग रखते हुए। उनकी तस्करी गोवध जैसे अपराधियों को गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर कठोर दंड दिए जाने की मांग रखी।पंचगव्य अनुसंधान को बढ़ावा देकर इन्हें प्राकृतिक कृषि हेतु जैविक खाद कीटनाशक के रूप में सरकारी तंत्र जोड़ने की भी मांग रखी।प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नंदी शाला एक आदर्श को अभ्यारण की स्थापना राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर प्रति 50 से 100 किलोमीटर की दूरी पर गोवाहिनी एंबुलेंस,150 से 200 किलोमीटर की दूरी पर आधुनिक ट्रामा सेंटरों की व्यवस्था। विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में गो विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किए जाने की मांग। एक सुदृढ़ चारा सुरक्षा कानून के माध्यम से बढ़ते चारा के मूल्य पर रोक लगाई जाने की मांग के साथ भंडारण की व्यवस्था की मांग की है। गोवंश को केवल दवा का पात्र नहीं बल्कि राज्य की अमूल्य सांस्कृतिक संपत्ति और ग्राम विकास के इंजन के रूप में स्थापित किए जाने की मांग की है।

# गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

लालगंज, मीरजापुर। तहसील में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन श्गौ सम्मान स्वाभिमान अभियानश् के तहत लालगंज के एसडीएम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह को दिया गया। ज्ञापन में गाय को श्राष्ट्र माताश् और श्राष्ट्र आराध्याश् का दर्जा देने तथा गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इसे जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

यह ज्ञापन विभिन्न गोभक्तों और अधिवक्ताओं द्वारा चिलचिलाती धूप में दिया गया। यह पहल श्गौ सम्मान स्वाभिमान अभियानश् का हिस्सा है, जिसके तहत विभिन्न संत समाजों ने 27 अप्रैल 2026 को देश भर की तहसीलों के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गाय को श्राष्ट्र माताश्, श्राष्ट्र आराध्याश्, श्राष्ट्र धरोहरश् और श्राष्ट्र देवश् का दर्जा दिलाना है। लालगंज तहसील में जिला गोरक्षा प्रमुख शिवेन्द्र सिंह और संतों के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया। गोरक्षा संरक्षक माधव महेंद्र रामानुज दास ने बताया कि यह आंदोलन गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गो संरक्षण के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने हेतु चलाया जा रहा है। लालगंज तहसील अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी एडवोकेट ने भी गाय को श्राष्ट्र माताश् घोषित करने और गोहत्या को राष्ट्रीय अपराध घोषित करने की मांग दोहराई। ज्ञापन सौंपने वालों में तारकेश्वर प्रसाद, मिथिलेश कुमार सिंह, संजय सिंह चंदेल, जयप्रकाश भारती, धीरज केसरी, कौशलेंद्र प्रसाद प्रधान, विजय, संतोष कुमार मिश्रा, दयाशंकर पांडे, राजकुमार पांडे, विपिन तिवारी, शिवम पांडे, प्रद्युम्न दुबे ,अनिल मौर्य और जीत नारायण दुबे सहित कई लोग शामिल थे।

# हाईकोर्ट ने लापरवाही बरतने पर लालगंज के एसडीएम और तहसीलदार को किया तलब

मीरजापुर। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्रामसभा की सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के मामले लापरवाही पाएं जाने पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए लापरवाही बरतने पर लालगंज के एसडीएम और तहसीलदार को तलब किया है। बताते चलें कि जनपद के लालगंज तहसील के पवारी कलां गांव निवासी समाजसेवी प्रेम कुमार सिंह विगत कई वर्षों से ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का मुहिम चला रखे हैं। उनके बार–बार प्रत्यावेदनों पर जब तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न करके लीपापोती की जाने लगी, तो प्रेम कुमार सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की शरण ली। जहां उनका पक्ष अधिवक्ता रमेश कुमार तिवारी एवं संजय पाण्डेय ने रखा। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए लालगंज तहसील के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 को व्यक्तिगत तौर पर तलब किया है, साथ ही प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता एवं मुख्य स्थाई अधिवक्ता को भी तलब किया है तथा गांव को अब तक अतिक्रमण मुक्त क्यों नहीं किया गया, इस पर नाराजगी व्यक्त की है।

# नगर में निकला गो सम्मान आह्वान अभियान, सौंपा गया ज्ञापन

मीरजापुर। नगर में सोमवार को गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गो भक्तों, संत समाज एवं नागरिकों ने तहसीलदार सदर को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत भारतवर्ष के सभी लगभग 5400 तहसीलों में आज ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसीक्रम में मीरजापुर जनपद के सभी तहसीलों सदर, लालगंज, मड़िहान एवं चुनार में संतों, गो भक्तों, मातृ–शक्तियों, गो प्रेमियों ने सकीर्तन करते हुए ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम किया। इसके तहत सदर तहसील में गो भक्त संकट मोचन हनुमान मंदिर से संकीर्तन यात्रा प्रारम्भ करके वासलीगंज, गिरधर चौराहा, महुअरियां होते हुए सदर तहसील मुख्यालय पर उपस्थित हुए। जहां अभियान के सदर तहसील का प्रभारी का निर्वहन राज माहेश्वरी, लालगंज का प्रभारी चंद दत्त त्रिपाठी एडवोकेट, मड़िहान तहसील का प्रभारी संतोष तिवारी एवं चुनार तहसील का प्रभारी अभिषेक बजरंगी ने किया। जनपद मीरजापुर के प्रभारी की जिम्मेदारी ब्रम्हदास (ब्रम्हदेव त्रिपाठी) ने निभाई, इस अवसर पर सभी नागरिकों का अपार समर्थन मिला। इस अवसर पर जिला प्रभारी ब्रम्हदेव त्रिपाठी ने कहा की गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गौ माता की रक्षा, सेवा और उनके संरक्षण के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र तहसीलदार को सौंपा गया। इस दौरान सदर तहसील प्रभारी राज माहेश्वरी ने कहा की भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव आरोग्य विष मुक्त, कृषि और पर्यावरण संतुलन में गाय का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है, सदियों से गो वंश भारतीय परम्पराओं का प्राण रहा है। हर गौभक्त को अपने घर पर एक गाय पालने का भी आह्वान किया।

# मैजिक और मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में एक की मौत

सिरसिया/श्रावस्ती। थाना क्षेत्र सिरसिया अंतर्गत कलकलवा मोड़ जिओ पेट्रोल पंप के पास मैजिक और मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई जिससे उस पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया साथ ही व दो अन्य घायलों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। घटना रविवार की रात 9 बजे की है जहां कोनहा से तिलक दिलवाने के लिए पिता पुत्र बाइक पर सवार होकर ग्राम अतरपरी की ओर जा रहे थे तभी कलकलवा मोड़ के पास स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा हो गया आमने सामने मैजिक ओर मोटर साइकिल की हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार तीन व्यक्ति हुए गंभीर रूप से घायल जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी सिरसिया लाया गया था जहां ननकु पुत्र जगदेव उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी कोनहा थाना जनपद श्रावस्ती को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ओर वही दूसरा घायल व्यक्ति बछराज पुत्र ननकु उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी कोनहा व तीसरा बच्चा दिव्यांशु पुत्र पवन कुमार उम्र लगभग 13 वर्ष निवासी कोनहा की हालत नाजुक देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया है वहीं जब इसकी सूचना परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वहीं आपको बता दे कि मैजिक चालक मौके से फरार हो गया था वही मौके पर पहुंची पुलिस ने मैजिक वाहन न्च 46 ज 2131 को अपने कब्जे में लेकर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्बन्धित प्रकरणों में तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही .त कार्रवाई के बाद उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। निस्तारण के अवधि में लेटलतीफी कदापि न बरती जाए। इसके लिए फरियादियों से समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# नारी शक्ति केवल घर की गृहणी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की शक्तिहै-उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग

श्रावस्ती। प्रदेश की उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव जी एक दिवसीय जनपद भ्रमण हेतु विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर पहुंची। इस दौरान विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा ने अगुवानी कर स्वागत किया। तत्पश्चात् उपाध्यक्ष महोदया की अध्यक्षता में नारी शक्ति के सम्मान की रक्षा और महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों के प्रति आवाज बुलंद करने के लिए ''नारी शक्ति वंदन जन आक्रोश कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं ने एकत्रित होकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति केवल घर की गृहणी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की शक्ति है। जब तक नारी सुरक्षित और सम्मानित महसूस नहीं करेगी, तब तक समाज का विकास अधूरा है। यह जन आक्रोश केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की एक बड़ी शुरुआत है। विधायक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को सु.ढ़ करना एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो निश्चित ही समाज सशक्त होता है और राष्ट्र प्रगति करता है।

# नदी, पोखर या जलराशि में स्नान करने से बचें-जिलाधिकारी

श्रावस्ती । जनपद में लगातार डूबकर हो रही मृत्यु के .ष्टिगत जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद वासियों से अपील किया है कि नदी नहर पोखरों में स्नान करने से बचें। अभिभावक अपने बच्चों पर सजग .ष्टि रखें जिससे कोई अनहोनी न हो। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिला पंचायत द्वारा चयनित सभी 76 घाटों पर प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करायी गयीं लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से रखी जायें तथा घाटों पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षित घाट बनाये जायें जहां बचाव हेतु रस्सी, नाव, नाविक आदि की तैनाती हो। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि स्कूल की प्रार्थना सभाओं में डूबने से बचाव के लिए एवं हीटवेव से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक किया जाये। उन्होंने आम जनमानस के लिए क्या करें और क्या न करें विषय पर एडवाइजरी जारी करते हुए आम जनमानस से इसके अनुपालन की अपील की है।

# उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

अयोध्या। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर अभिभावकों और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों के लिये स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परिणाम से खुश विद्यालय प्रबंधन के साथ साथ शिक्षकों ने इसका श्रेय विद्यार्थियों के अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को दिया तो विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल के लिये प्रबंधन के साथ साथ शिक्षकों के प्रति भी आभार प्रकट किया। विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जाकर देश और समाज की सेवा के अपने संकल्प को दोहराया।प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता पर हमें अत्यंत गर्व है। उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने यह उपलब्धि दिलाई है। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि यह सफलता केवल परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और विश्वास की जीत है। होनहारों ने साबित कर दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।

# अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई, चार घायल

श्रावस्ती । थाना इकौना क्षेत्र में नेशनल हाईवे–730 पर संघार बाबा मंदिर के पास रविवार रात एक सड़क हादसा हो गया। तेज रतार अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकरा गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान बहराइच जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र के रेवाल गंज चनिया कोट निवासी सुभाष, राम भवन, माधव राम और राजन के रूप में हुई है। ये सभी नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। समारोह से अपने घर लौटते समय संघार बाबा मंदिर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से जा टकराई। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

# रेडक्रास के पैटर्न सदस्य ने सिरसिया में बांटी 100 पोषण पोटली

श्रावस्ती । जलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगातार क्षय रोगियों को पोषण पोटलियों का वितरण किया जा रहा है। आज रेडक्रॉस के पैटर्न सदस्य एवं अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र ने सिरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर 100 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि रेडक्रास के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री की प्रेरणा से रेडक्रॉस द्वारा श्रावस्ती के सभी क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित करने का संकल्प लिया गया है जिसके क्रम में अभी तक 500 पोषण पोटलियां वितरित की जा चुकी हैं। हम लगातार अपने क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य की चिंता करते रहेंगे। क्षय रोगियों को सरकार दवा उपलब्ध करा रही है और रेडक्रॉस जनभागीदारी से पोषण पोटलियां उपलब्ध करा रहा है ताकी जल्द श्रावस्ती टीवी मुक्त हो सके।

# साकेत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक ने 50 लाख की निधि देने की घोषणा

अयोध्या। साकेत महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद द्वारा राजा जगदम्बिका प्रताप नारायण सिंह सभागार में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने महाविद्यालय के विकास हेतु अपनी निधि से 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस धनराशि से महाविद्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था, पानी की टंकी, शौचालय निर्माण तथा ऑडिटोरियम का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष असीम त्रिपाठी द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साकेत महाविद्यालय क्षेत्र का प्रमुख शिक्षण संस्थान है, जहां हजारों विद्यार्थी अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मनूचा डिग्री कालेज की प्राचार्या डा मंजूषा मिश्रा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष जनमेजय तिवारी, पर्यटन अधिकारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र– छात्राएं मौजूद रहीं।

# प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने को नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

चित्रकूट। समय से चुनाव न होने की संभावना को देखते हुए पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर प्रधानों ने लामबंदी दिखाई है। जिला पंचायत परिसर में एकत्र होने के बाद लामबंद प्रधान अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर पड़े। नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत अध्यक्ष व सभी ब्लाक प्रमुखों के साथ प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम पुलकित गर्ग को सौंपा।अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में जिले के सभी प्रधान जिला पंचायत परिसर में एकत्र हुए। यहां पर सभी ने बैठक कर समय से चुनाव न होने की संभावना को देखते हुए प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग बुलंद की। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्र पहाड़ी सुशील द्विवेदी, कर्वी गुलाब सिंह, रामनगर गंगाधर मिश्र आदि समेत सभी प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रधानों ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम पुलकित गर्ग को सौंपा। अवगत कराया कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों आगामी 26 मई व 19 जुलाई को समाप्त हो रहा है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए निर्धारित समय के भीतर पंचायत चुनाव व्यवहारिक रुप से संपन्न होते नहीं नजर आ रहे है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बिलंब, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की प्रक्रिया का लंबित होना तथा सुप्रीमकोर्ट से निर्धारित ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया अभी अपूर्ण है। इन सभी तथ्यों से स्पष्ट है कि जरुरी विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति के बिना चुनाव कराना न तो न्यायोचित होगा और न ही स्थायी रुप से स्वीकार्य है। ऐसी स्थिति में अगर निर्वाचित पंचायतों की जगह प्रशासकों की नियुक्ति होती है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत होगा, क्योंकि पूर्व में प्रशासकों की नियुक्ति के दौरान अनेक स्थानों पर पारदर्शिता की कमी, जवाबदेही का अभाव तथा वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थी। जबकि ग्राम प्रधान एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि सीधे जनता से निर्वाचित होते है। वह अपने क्षेत्र की जनता के प्रति उत्तरदायी होते हुए स्थानीय समस्याओं एवं जरुरतों की गहरी समझ रखते है। वह अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ करते है। मप्र, राजस्थान एवं उत्तराखंड में भी समान परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को कार्यभार सौंपकर लोकतांत्रिक निरंतरता बनाए रखने के उदाहरण है। मांग किया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए निर्धारित समय पर चुनाव न होने की संभावना पर त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल संबंधित अवधि के लिए बढ़ाया जाए।

# टीबी मुक्त अभियान : 3774 लाभार्थियो की हुई स्क्रीनिंग

–चित्रकूट। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार भारत को टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत देश को वर्ष 2026 के अंत तक टीबी मुक्त बनाये जाने का समय निर्धारित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में उप्र सरकार द्वारा सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का आयोजन 24 मार्च 2026 से संचालित किया जा रहा है जो वर्तमान समय में भी कियान्वित है और समय–समय पर संचालित किया जाता रहा है। शासन की मंशानुसार जनपद को टीबी मुक्त बनाये जाने के लिए पूरे जनपद के सभी विकासखण्ड में 161 हाईरिस्क ग्राम चिन्हित किये गये है।हाई रिस्क चिन्हित गाँवो में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट एम्बुलेस सक्रिय है। जिनमें हैण्डहोल्ड एक्स–रे मशीन की सुविधा है। जिसके द्वारा हाईरिस्क गाँवो में टीबी रोगियों की खोज के लिए शिविर लगाकर बलगम जॉच एंव एक्स–रे के माध्यम से मरीजो की क्षयरोग की स्कीनिंग का कार्य किया जा रहा है। 24 मार्च से अबतक लगभग 50 स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न हो चुके है। जिनमें 3774 लोगो (2187 पुरूष एंव 1587 महिला) की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। 100 दिवसीय टीबी रोगी खोज अभियान के अन्तर्गत 776 लक्षण आधारित रोगियों का बलगम परीक्षण किया गया है। जिनमें से 194 रोगियों को उपचार के लिए नोटीफाइड किया गया है। अभियान के दौरान 118 टीबी मरीजो को शासन के निर्देशानुसार गोद लिया गया है। जिन्हे निक्षय मित्रो के माध्यम से पोषण पोटली भी प्रदान की गयी। 100 दिवसीय टीबी रोगी खोज अभियान के दौरान 12 नये निक्षय मित्र तैयार किये गये जो समय–समय पर पंजी.त टीबी मरीजो को निक्षय पोषण पोटली प्रदान कर रहे है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में क्षयरोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक जनवरी 2026 से 22 मार्च 2026 तक 774 क्षयरोगी सरकारी एंव प्राइवेट चिकित्सालयो के माध्यम से उपचार प्राप्त कर रहे है। जिनमें 698 मरीज पब्लिक नोटीफाई एंव 76 प्राइवेट नोटिफाई प्रक्रिया के माध्यम से चिन्हित किये गये है। जिनका उपचार बेहतर तरीके से किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा आम जनमानस एंव जनपद वासियो से अपील की गयी है कि स्वंय और अपने आसपास के लोगो से अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कराये कराये जाने में सहयोग प्रदान करे। ताकि क्षयरोग से प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल इलाज प्रदान किया जा सके।

# थानों के लिए रवाना किए गए 233 आरक्षी एवं 63 महिला आरक्षी

## -एसपी ने आरक्षियों को बताए कर्तव्य व दायित्व

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने अपर एसपी सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 233 आरक्षी एवं 63 महिला आरक्षियों को उनके आवंटित थानों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी नवप्रशिक्षित आरक्षियों को संबोधित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की छवि जनता के बीच कार्यशैली से ही बनती है। ऐसे सभी कार्मिक जनता के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी आरक्षियों को अपने–अपने थाना क्षेत्र में सजग रहकर कार्य करने, वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा–निर्देशों का पालन करने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नवप्रशिक्षित आरक्षियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया।

# लिंग चयन अतिषेध एक्ट के पालन को कराएं जांच

चित्रकूट। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन अतिषेध) पीसीपीएनडीटी अधिनियम अन्तर्गत जनपद में गठित सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि उप जिलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी संयुक्त रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों का औचक निरीक्षण करें तथा सभी केन्द्रों का निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाये कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन किया जा रहा है या नही। मुखबिर योजना के अन्तर्गत लिंग चयन, भ्रूण हत्या, अवैध गर्भपात जैसे गैरकानूनी कार्य करने वाले सेन्टरों के चिकित्सको के खिलाफ कार्यवाही की जायें। इस मौके पर सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा अरूण कुमार पटेल, समिति के सदस्य डा शैलेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा एचसी अग्रवाल बाल रोग विशेषज्ञ, डा राजेन्द्र प्रताप रेडियोलाजिस्ट, सुरेन्द्र कुमार जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, श्याम सुन्दर मिश्रा जिला शासकीय अधिवक्ता, श्याम मूरत गौतम, दिव्या त्रिपाठी आदि बैठक में उपस्थित रहें।

# परीक्षा केन्द्रों का एडीजी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

चित्रकूट। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट की ऑफलाइन लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के .ष्टिगत परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिले में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट की ऑफलाइन लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के .ष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्र पर की गई सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया। साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिस महानिदेशक ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

# व्यापारियों की समस्याओं का किया जाए त्वरित निस्तारण : सीडीओ

## -जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं जिला व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और व्यापारिक समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित .षि विभाग के आवेदनों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना‘ के अंतर्गत बैंकरों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। ताकि युवाओं को स्वरोजगार में कोई बाधा न आए। एमओयू के संबंध में स्पष्ट किया गया कि हस्ताक्षरित अनुबंधों के निवेशकों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए। जिससे प्रगति के साथ साथ रैंकिंग में भी सुधार हो सके। व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपायुक्त राज्य कर को नोडल अधिकारी के रूप में निर्देशित किया गया। व्यापार कर से संबंधित सभी आवेदन ‘राज्य कर कार्यालय‘ में जमा करने के लिए व्यापारियों से आग्रह किया गया। स्टाम्प पेपर से संबंधित लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। धारा–80 के अंतर्गत स्वी.ति हेतु लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करें। व्यापारियों द्वारा अवगत कराई गई विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों से उद्यम रजिस्ट्रेशन, खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्माण, क्रय भंडारण पंजीकरण एवं अनिवार्य रूप से जीएसटी पंजीकरण कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्रशेखर, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी अजय कुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र एसके केसरवानी, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, एआईजी स्टाम्प राजेश कुमार सिंह, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता, गिरीश अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# -गौशालाओं के सु.ढ़ीकरण और पेयजल व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कैंप सभागार में गौशालाओं के संचालन और जनपद में पेयजल की स्थिति की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पशुओं के संरक्षण और आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गौशालाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में उपलब्ध भूसे (चारे क्रय किया गया हो या दान स्वरूप प्राप्त) की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से गो आश्रय पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडारण करने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि जिन गौशालाओं में पशुओं की संख्या 100 से कम है उन्हें समीपवर्ती अन्य गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाए। पशुओं के चारे की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 25 गौशालाओं के पास स्वयं के हरे चरागाह उपलब्ध हैं। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शेष गौशालाओं के लिए भूमि चिह्नित कर वहां नेपियर घास की बुआई कराएं। इसके अतिरिक्त क्षतिग्रस्त चरही की सूची अविलंब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।डीएम ने पशुओं के लिए छाया टीन शेड, शुद्ध पेयजल, हरा चारा और भूसे की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने चरवाहों के मानदेय का भुगतान समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि इस संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पशुओं को केवल चरवाहों की उपस्थिति में ही चराई के लिए बाहर निकाला जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में पशु व्यक्तिगत किसानों की .षि भूमि में न घुसें। जनपद में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मानिकपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या है। वहां तत्काल प्रभाव से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उपलब्ध सभी टैंकरों का सक्रिय उपयोग करने के निर्देश दिए गए।

# आनंदेश्वरम् महोत्सव : चतुर्थ वार्षिक समारोह में बाल कलाकारों ने दिखाया हुनर

चित्रकूट। आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी द्वारा आयोजित "आनंदेश्वरम् महोत्सव–2026" के तहत चतुर्थ वार्षिक समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अकादमी के विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत, वादन एवं नृत्य की विविध प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। समारोह में अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा, शास्त्रीय राग गायन, तबला वादन, लोक संगीत, गजल, कव्वाली एवं भजन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। छोटे बच्चों द्वारा राग यमन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति और वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा राज कपूर के लोकप्रिय गीतों ने खूब सराहना बटोरी। वहीं लोक संगीत एवं राम भजन समूह की प्रस्तुतियों ने सांस्.तिक विरासत को जीवंत कर दिया। कथक नृत्य एवं रामायण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं सहित अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व प्रतिभागी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संगीत के क्षेत्र में उत्.ष्ट योगदान के लिए कई गणमान्य व्यक्तियों को "आनंदेश्वरम् संगीत सम्मान–2026" से सम्मानित किया गया। अकादमी के निदेशक विनय कुमार पांडेय ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अकादमी के छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्.ष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश गौतम, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ विवेक फडनीश, भूतपूर्व प्रो. लल्लूराम शुक्ला, जेआरएसएसयू के प्रो. डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह, .ष्टि सेवा संस्थान के संस्थापक शंकर लाल गुप्ता, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, समाजसेविका डॉ ज्योति उपाध्याय, गीता देवी जायसवाल, सिद्धार्थ गुप्ता, गणेश मिश्रा, अर्चना उपाध्याय, रश्मी बाजपेयी, डॉ. प्रदीप शुक्ला, विजय नारायण गर्ग, विपिन कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार द्विवेदी, सत्यनारायण यादव, पुरुषार्थ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# गौ रक्षा को लेकर बुलंद हुई आवाज, एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन, 15 दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

आजमगढ़ (आर एन एस) जनपद में बढ़ती अवैध गौ–तस्करी, सरकारी गौशालाओं की बदहाल स्थिति और निराश्रित गौवंश की समस्या को लेकर सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और गौ–भक्तों ने प्रशासन के सामने जोरदार ढंग से अपनी मांगें रखीं। 'गौ सम्मान आह्वान' के तहत एक प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़ को ज्ञापन सौंपकर गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।इस कार्यक्रम का नेतृत्व अमन दुबे (जिला प्रभारी), पूजा सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) तथा नीरज सिंह (जिला सचिव, महिला मोर्चा), राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने किया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौवंश की लगातार हो रही उपेक्षा न केवल धार्मिक आस्था को आहत कर रही है, बल्कि किसानों और आम जनता के लिए भी गंभीर समस्याएं पैदा कर रही है।ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि जनपद में तेजी से बढ़ रही अवैध गौ–तस्करी पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रासुका के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए।कार्यकर्ताओं ने सरकारी गौशालाओं की खराब व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई गौशालाओं में गौवंश को पर्याप्त चारा, स्वच्छ पानी, उचित शेड और समय पर चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे उनकी मौत हो रही है। उन्होंने मृत गौवंश की जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग उठाई।प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गौवंश किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और आए दिन सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। इसके स्थायी समाधान के लिए प्रभावी नीति बनाए जाने की मांग की गई।ज्ञापन में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 का कड़ाई से पालन कराने, प्रत्येक थाने स्तर पर निगरानी समिति गठित करने और गौ–आधारित जैविक खेती व पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर पर योजनाएं शुरू करने की मांग भी शामिल रही।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि "गौमाता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उनकी रक्षा करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो जन–जागरण पदयात्रा, धरना–प्रदर्शन और व्यापक आंदोलन किया जाएगा।उपजिलाधिकारी सदर ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# शिकायत निस्तारण के लिए जा रहे बिजली कर्मी सड़क हादसे में घायल, आमने-सामने की टक्कर के बाद बाइक सवार फरार

आजमगढ़ (आर एन एस)जनपद के बिलरियागंज थाना अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र पटवध कौतुक पर तैनात दो बिजलीकर्मी सोमवार को क्षेत्र में उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार बाइक से आमने–सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कर्मचारी घायल हो गए, जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार महेंद्र कुमार (टीजी–2) निवासी हुंसेपुर थाना महराजगंज तथा सूर्यभान, सहायक लाइनमैन निवासी दाम शनिचरा की नियुक्ति विद्युत उपकेंद्र पटवध कौतुक पर है। दोनों कर्मचारी एक ही बाइक से क्षेत्र में बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए निकले थे।बताया जा रहा है कि इसी दौरान बिलरियागंज की तरफ से आजमगढ़ की ओर जा रहे एक अज्ञात बाइक सवार से उनकी बाइक की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

# जिलाधिकारी ने नागरिकों से जनगणना में भागीदारी की अपील की

आजमगढ़ (आर एन एस)जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा आज जनपद आजमगढ़ में जनगणना जागरूकता के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से जनगणना कार्य में बढ़–चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े शासन की नीतियों के निर्माण का आधार होते हैं तथा आगामी वर्षों में देश के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े ही प्रभावी योजनाओं के निर्माण और उनके सफल क्रियान्वयन की आधारशिला होते हैं।

# बिलरियागंज ब्लाक को मिला नया बीडीओ, इदरीश अली ने संभाला कार्यभार,बोले, "जनहित और पारदर्शिता होगी पहली प्राथमिकता

आजमगढ़ (आर एन एस)जनपद के विकासखंड बिलरियागंज में प्रशासनिक बदलाव के बीच शनिवार को नए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के रूप में इदरीश अली ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन से ब्लॉक कर्मियों के साथ–साथ क्षेत्रीय जनता में भी नई उम्मीद जगी है कि विकास कार्यों को अब और अधिक गति मिलेगी।जानकारी के अनुसार विकासखंड बिलरियागंज में पूर्व बीडीओ सुरेश कुमार मौर्य ने 29 अगस्त 2025 को कार्यभार संभाला था। हाल ही में उन्हें मुख्यालय से अटैच कर दिया गया, जिसके बाद प्रशासन द्वारा मार्टिनगंज ब्लॉक में तैनात इदरीश अली को बिलरियागंज ब्लॉक का नया बीडीओ नियुक्त किया गया।25 अप्रैल 2026 को इदरीश अली ने आधिकारिक रूप से बिलरियागंज ब्लॉक पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य होगा।

# महिला आरक्षण के समर्थन में महिलाओं का शक्ति प्रदर्शन

आजमगढ (आर एन एस)जनपद के गोपालपुर विधानसभा अंतर्गत बिलरियागंज में सोमवार को महिलाओं ने महिला आरक्षण के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन करते हुए विरोधियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और रैली निकालकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।रैली की शुरुआत बिलरियागंज नई चौक से हुई, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां और नारे लिखे बैनर लिए महिलाओं ने महिला आरक्षण का विरोध करने वालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

रैली नये चौक से होते हुए पूरे बाजार क्षेत्र से निकली और अंत में विकासखंड बिलरियागंज परिसर पहुंची, जहां प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने अपनी मांगों को मजबूती से रखा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने जैसा है।भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राय ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। ऐसे में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिलना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को देश की महिलाओं की ताकत को समझना होगा।कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया करने को तैयार हैं और महिला सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपाल सिंह उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 में आपका स्वागत है-सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से जनजागरूकता अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

आजमगढ (आर एन एस)जनगणना–2027 के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारीध्प्रमुख जनगणना अधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर (जिलाधिकारी कार्यालय के सामने) स्थापित "जनगणना–2027 में आपका स्वागत है" विषयक सेल्फी प्वाइंट का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं सेल्फी लेकर जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि जनगणना–2027, वर्ष 1872 से प्रारंभ हुई जनगणना श्रृंखला की 16वीं जनगणना है तथा यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना के रूप में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा एवं विविधतापूर्ण राज्य है, ऐसे में सटीक और व्यापक जनगणना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने जन गणना कार्यक्रम की समय–सारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि 07 मई से 21 मई 2026 तक (15 दिवस) स्वगणना (ैमसम्िदनउमतंजपवद) का कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून 2026 तक (30 दिवस) मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (भ्स्व्) का कार्य संचालित होगा।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्वेच्छा से स्वगणना में भाग लें तथा सही एवं सटीक जानकारी प्रदान कर जनपद के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, पेयजल, सड़क सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाता है। अतः प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.) एवं जिला जनगणना अधिकारी गम्भीर सिंह ने भी सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर लोगों को जागरूक किया।

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छी खबर, इन दिन करेंगे मिचेल स्टार्क वापसी, जानें कप्तान अक्षर पटेल ने क्या कहा?

दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क दिल्ली के लिए पहले 8 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में वे उपलब्ध रहेंगे। इस बात की पुष्टि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने की है। दिल्ली कैपिटल्स को आरसीबी के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। टीम की ये इस सीजन की पांचवीं हार है। हालांकि, आने वाले समय में दिल्ली कैपिटल्स को जीत की उम्मीद है। क्योंकि, उनके बेहतरीन गेंदबाज की वापसी होने वाली है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क दिल्ली के लिए पहले 8 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में उपलब्ध नहीं थे लेकिन लीग फेज के बाकी के 6 मैचों में वे उपलब्ध रहेंगे। इस बात की पुष्टि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने की है। आरसीबी के खिलाफ 75 रन पर ढेर होने वाली दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने कहा कि, मिचेल स्टार्क टीम के साथ जुड़ गए हैं। वे एक मई से सिलेक्शन के लिए उपलब्ध होंगे। हालांकि, अभी भी वर्कलोड मैनेजमेंट उनका चलेगा। अक्षर पटेल ने आगे कहा कि, मिचेल स्टार्क को लेकर जरूरी एनओसी यानी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है और वे आने वाले मैचों में खेल सकते हैं। अक्षर पटेल ने कहा कि, हां मिचेल स्टार्क टीम में शामिल हो गए हैं। उन्हें 1 मई से एनओसी मिल गई है इसलिए वह उसके बाद खेल सकते हैं। उनके वर्कलोड पर नजर रखी जा रही है। जब भी वह उपलब्ध होंगे, हम उन्हें खिलाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल, मिचेल स्टार्क के दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने से टीम को मजबूती मिलेगी। हालांकि, मिचेल स्टार्क जनवरी से दूर हैं ऐसे में फॉर्म एक चिंता का विषय है।




# मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी से जुड़ा सवाल पूछने पर मचा बवाल, सोशल मीडिया पर छिड़ गई बहस

वहीं इस बीच भारतीय खेल जगत में एक अजीब विवाद जन्म ले लिया है। इस विवाद में एक तरफ पेरिस ओलंपिक में दो पदकजीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर हैं तो दूसरी तरफ 15 साल की उम्र में आईपीएल में तहलका मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी।भारत में इन दिनों आईपीएल 2026 का क्रेज फैंस के सिर चढ़ कर बोल रहा है। अभी तक 39 मुकाबले खेले जा चुके हैं। वहीं इस बीच भारतीय खेल जगत में एक अजीब विवाद जन्म ले लिया है। इस विवाद में एक तरफ पेरिस ओलंपिक में दो पदकजीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर हैं तो दूसरी तरफ 15 साल की उम्र में आईपीएल में तहलका मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी। दरअसल, विवाद इन दोनों खिलाड़ियों के बीच नहीं बल्कि मनु भाकर से पूछा गया एक सवाल का है। जिससे सोशल मीडिया पर हंगामा मचा हुआ है।बता दें कि, मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन और भविष्य को लेकर सवाल किया गया। ये फैंस को पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर यूजर्स का कहना है कि भारत में क्रिकेट का जुनून इतना ज्यादा है कि दूसरे खेलों के दिग्गजों को भी क्रिकेट पर बात करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने इस मनु भाकर का अपमान बताया। दरअसल, 27 अप्रैल को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की 75वीं वर्षगांठ







के मौके पर मनु भाकर दिल्ली पहुंची थीं। जहां पत्रकारों ने उनसे क्रिकेट की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी को लेकर सवाल पूछ लिया। मनु ने समझदारी से काम लेने के महत्व के बारे में बात की और एक अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता पर भी जोर दिया।मनु ने बड़ी शालीनता से जवाब देते हुए कहा कि, अगर मेंटरशिप और आसपास के लोग अच्छे हों तो उम्र सिर्फ एक नंबर है।

# अंगकृष रघुवंशी पर लगा जुर्माना, केकेआर के बल्लेबाज आब्स्ट्रक्शन द फील्ड के तहत आउट होने पर दिखाया था गुस्सा

रघुवंशी को रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। उन्होंने केकेआर की पारी के पांचवें ओवर में घटी घटना के बाद पवेलियन लौटते समय गुस्से में सीमा रेखा पर अपना बल्ला मारा था और डग आउट में अपना हेलमेट फेंका था। आईपीएल 2026 का 38वां मैच लखनऊ सुपर जाएट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में केकेआर के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर 'ऑब्स्ट्रक्शन ऑफ द फील्ड' के तहत आउट दिए जाने के बाद गुस्सा दिखाने के कारण जुर्माना लगा है। इस जुर्माने के तहत उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत काटी गई है और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ा गया है।



बता दें कि, रघुवंशी को रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। उन्होंने केकेआर की पारी के पांचवें ओवर में घटी घटना के बाद पवेलियन लौटते समय गुस्से में सीमा रेखा पर अपना बल्ला मारा था और डग आउट में अपना हेलमेट फेंका था। हालांकि, केकेआर ने सुपर ओवर में यह मैच जीता था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''केकेआर के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन का दोषी पाया गया है और उन पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' बयान के अनुसार, ''इसके अलावा उनके खाते में एक डिमैरिट अंक भी जोड़ा गया है।'' इसमें कहा गया है, ''रघुवंशी को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या पोशाक, मैदानी उपकरणों आदि को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है।'' रघुवंशी ने मैच रेफरी द्वारा लगाए गए जुर्माने को स्वीकार कर लिया है।क्या होता है श्ऑब्स्ट्रक्शन द फील्ड?क्रिकेट में श्ऑब्स्ट्रक्शन द फील्डश का मतलब है मैदान पर फील्डिंग टीम के काम में टांग अड़ाना। या जब कोई बल्लेबाज जानबूझकर फील्डिंग के रास्ते में आता है उसे धक्का देता है या थ्रो की गई गेंद की दिशा को अपने बल्ले या शरीर से बदल देता है ताकि वह रन आउट होने से बच सके, तो उसे इस नियम के तहत आउट दिया जाता है। यहां सबसे जरूरी चीज बल्लेबाज का इरादा है। अगर बल्लेबाज ने ये सब जानबूझकर किया है तभी वह आउट होगा। लेकिन अगर वह खुद को चोट से बचाने के लिए या अनजाने में गेंद के सामने आ जाता है तो अंपायर उसे आउट नहीं देते हैं।

# भारतीय अब आभूषणों की जगह निवेश के लिए सोना अधिक खरीद रहे

केयरएज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अब आभूषणों की जगह निवेश के लिए सोना अधिक खरीद रहे



हैं, जिससे चालू वित्त वर्ष में निवेश की हिस्सेदारी 40: तक पहुंचने की उम्मीद है। यह बदलाव बढ़ती कीमतों, भू–राजनीतिक अनिश्चितता और पोर्टफोलियो विविधीकरण की बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाता है, जो सोने की मांग में एक संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत है। अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल सोना की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है।केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा, भू–राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026–27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35–40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। भारत में निवेश की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिसका नेतृत्व गोल्ड ईटीएफ और बार तथा सिक्कों की खरीद ने किया है। यह अन्य बातों के साथ ही सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाता है। एजेंसी का मानना है कि सोने की कीमत अब एक स्थायी उच्च–मूल्य वाले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं।

## एक पहलवान, दो राज्य, दो जन्म प्रमाण पत्र!डब्ल्यूएफआइ ने सरकारी सिस्टम की खामियों पर उठाए गंभीर सवाल

भारतीय कुश्ती महासंघ (थ्) ने दो अलग–अलग राज्यों से जारी जन्म प्रमाण पत्र के कारण एक अंडर–17 महिला पहलवान को राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग लेने से रोक दिया, जिससे उम्र धोखाधड़ी और दस्तावेज सत्यापन में सरकारी खामियां उजागर हुई हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने संभाजी नगर में राष्ट्रीय चौंपियनशिप के पहले दिन एक अंडर17 महिला पहलवान को प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया, क्योंकि उसके पिता ने अलग–अलग राज्यों से दो जन्म प्रमाण पत्र पेश किए थे जिससे सरकारी स्तर पर दस्तावेज सत्यापन में स्पष्ट कमियां भी उजागर हुईं। मध्य प्रदेश की तरफ से महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में भाग लेने की इच्छुक पहलवान (नाम गुप्त रखा गया है) के जन्म प्रमाण पत्रों में विसंगतियां पाई गई थी जिसके बाद अधिकारियों ने उसे प्रतियोगिता में भाग लेने से रोक दिया।यह दस्तावेज पीटीआई के पास भी हैं जिनमें मध्य प्रदेश में जारी किए गए एक जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 26 अगस्त, 2010 बताई गई है, लेकिन पंजीकरण और जारी करने की तिथि 16 नवंबर 2021 दिखाई गई है। यह तिथि जन्म के एक दशक से भी अधिक समय बाद की है।

# मुकाबले में बारिश डालेगी खलल? जानें कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

चंडीगढ़ में आज बारिश होने की संभावना है। हालांकि, बारिश होने का अनुमान 20 से 30 फीसदी के आसपास है। ऐसे में थोड़ी बहुत रुकावट भले ही मैच में आए, लेकिन मैच पूरा होने की पूरी संभावना बन रही है। मंगलवार 28 फरवरी को चंडीगढ़ का तापमान कम से कम 23 और ज्यादा से ज्यादा 39 डिग्री तापमान होने की आशंका है।

न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन ये यहां चौथा और संभवतरू आखिरी मुकाबला है क्योंकि बाकी के लीग फेज के मैच पंजाब किंग्स धर्मशाला में खेलेगी। अगर मुल्लांपुर को प्लेऑफ्स के मैचों की मेजबानी नहीं मिलती है तो फिर पंजाब और राजस्थान मैच यहां आईपीएल 2026 का आखिरी मैच होगा। यही कारण है कि ये मैच खास होगा। फिलहाल, इस मैच में बारिश का डर बना हुआ है। सुडौल महिलाओं की ओर क्यों खिंचते हैं पुरुष? जानिए

भारतीय मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़ में आज बारिश होने की संभावना है। हालांकि, बारिश होने का अनुमान 20 से 30 फीसदी के आसपास है। ऐसे में थोड़ी बहुत रुकावट भले ही मैच में आए, लेकिन मैच पूरा होने की पूरी संभावना बन रही है। मंगलवार 28 फरवरी को चंडीगढ़ का



तापमान कम से कम 23 और ज्यादा से ज्यादा 39 डिग्री तापमान होने की आशंका है। कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हालांकि, बीबीसी वेदर की चंडीगढ़ को लेकर जो रिपोर्ट है, उसके मुताबिक 40 फीसदी बारिश की संभावना मैच शुरू होने के समय है लेकिन जैसे–जैसे रात होगी, वैसे–वैसे बारिश का अनुमान कम बताया गया है। रात को साढ़े 9 बजे के आसपास सिर्फ 20 फीसदी बारिश का अनुमान है। ऐसे में संभावना यही रहती है कि बारिश ज्यादा खेल खराब नहीं करेगी।

# मुझे भी नहीं पता क्या हुआ, डीसी की शर्मनाक हार पर अक्षर पटेल का हैरान करने वाला बयान

दिल्ली कैपिटल्स की आरसीबी के खिलाफ करारी हार के बाद कप्तान अक्षर पटेल ने बल्लेबाजों की विफलता पर हैरानी जताते हुए उन्हें व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने को कहा है। अक्षर के अनुसार, टीम के शुरुआती विकेट कैसे गिरे यह उन्हें भी नहीं पता चला और अब हर खिलाड़ी को शीर्ष स्तर की गेंदबाजी के खिलाफ खुद को तैयार करना होगा।दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में अपनी टीम की नौ विकेट से करारी शिकस्त के बाद कहा कि उन्हें भी नहीं पता चला कि टीम ने इतनी जल्दी विकेट कैसे गंवा दिए, लेकिन बल्लेबाजों को इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सोमवार को यहां कैपिटल्स के बल्लेबाज भुवनेश्वर कुमार (पांच रन पर तीन विकेट) और जोश हेजलवुड (12 रन पर चार विकेट) के सामने बेबस नजर आए।टीम ने चार ओवर के अंदर ही आठ रन पर छह विकेट गंवा दिए। टीम की पारी 16.3 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। अक्षर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में बल्लेबाजों की विफलता के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि टीम ने चार ओवर के अंदर छह विकेट कैसे गंवा दिए। अक्षर ने कहा, ''हमारी किस्मत थोड़ी खराब रही। हमने शुरुआती 15–16 गेंदों पर ही छह विकेट गंवा दिए। मुझे भी पता नहीं चला कि यह कैसे हुआ।''उन्होंने कहा, ''किसी भी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत तैयारी जरूरी है। आप यह कह सकते हैं कि टीम के तौर पर ट्रेनिंग करनी चाहिए, लेकिन हर खिलाड़ी को हर तरह की पिच और शीर्ष स्तर की गेंदबाजी के खिलाफ खेलने के लिए खुद जिम्मेदारी लेनी होगी।'' उन्होंने कहा, ''मैं जब भी खेलता हूं, चाहे अंतरराष्ट्रीय मैच हो, आईपीएल हो या घरेलू क्रिकेट, पर्याप्त व्यक्तिगत तैयारी के बिना मैदान पर नहीं उतरता हूं।'' उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के दिमाग में शायद पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रिकॉर्ड स्कोर का बचाव नहीं कर पाने की बात हावी थी। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि पिछे मैच की बातें खिलाड़ियों के दिमाग में थीं। इतना बड़ा स्कोर डिफेंड नहीं कर पाने की बात कहीं न कहीं असर डाल रही थी।''उन्होंने कहा कि शुरुआत में तेज गेंदबाजों को फायदा मिल रहा था, लेकिन



मैच आगे बढ़ने के साथ इसका असर कम होता गया। इस हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, ''शुरुआत में गेंद थोड़ी स्विंग कर रही थी। जब आप पहली पारी में 60दृ70 रन बनाते हैं, तो गेंदबाजों के मन में यह रहता है कि यह कम स्कोर है। जिस तरह हमने बल्लेबाजी की, उसके बाद हमारे गेंदबाजों को दोष नहीं दिया जा सकता।'' आईपीएल में मैच जीतने के दबाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''आईपीएल में हर मैच दबाव भरा होता है। ऐसा नहीं है कि अब सिर्फ आगे के मैचों में ही दबाव होगा। ऐसे में यह जरूरी है कि आप अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दें और हर दिन तैयारी करें। यह नहीं सोच सकते कि आसान जीत मिलेगी।''लगातार तीसरी हार के बाद कैपिटल्स की टीम तालिका में सातवें स्थान पर है और उसके लिए प्लेऑफ की दौड़ थोड़ी मुश्किल हो गई है। अक्षर को हालांकि टीम से वापसी की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास अभी मैच बचे हैं। हमें एक टीम के रूप में लड़ना है। नतीजे हमारे नियंत्रण में नहीं हैं, लेकिन प्रयास जरूर हैं।'' उन्होंने कहा, ''कप्तान के तौर पर आपको बहुत कुछ सीखना होता है। सिर्फ खिलाड़ियों ही नहीं, बल्कि सपोर्ट स्टाफ और टीम से जुड़े हर व्यक्ति को प्रेरित करना होता है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से सुरक्षा योजना की मंजूरी मिली

नोएडा। जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के बाद, हवाई अड्डा प्राधिकरण अब वाणिज्यिक परिचालन की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम करेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से अपनी सुरक्षा योजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एयरपोर्ट ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह उड़ान सेवाएं शुरू करने की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।बयान के अनुसार, '' नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बीसीएएस से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिल गई है। यह हवाई अड्डा की परिचालन तैयारी की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। साथ ही यह पुष्टि करता है कि सुरक्षा ढांचा एवं प्रक्रियाएं, नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।''बयान में कहा गया, '' इसके बाद हम विमानन कंपनियों और भागीदारों के साथ मिलकर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की तारीख तय करेंगे। हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि सभी प्रणालियां, प्रक्रियाएं एवं कर्मचारी सुरक्षित, कुशल और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हों।''नोएडा




अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में विकसित हो रही एक नई परियोजना है। इसे क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को इसका उद्घाटन किया था। परिचालन शुरू होने के बाद इसके दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी

# पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग कंपनियों द्वारा लगाए गए मनमाने दाम

पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग कंपनियों द्वारा लगाए गए मनमाने युद्ध–जोखिम अधिभार और शुल्कों के खिलाफ बासमती चावल निर्यातकों ने सरकारी हस्तक्षेप की मांग की है। निर्यातकों का कहना है कि इन अपारदर्शी शुल्कों ने निर्यात को व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य बना दिया है, जिससे छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है।

बासमती चावल किसान एवं निर्यातक विकास मंच (बीआरएफईडीएफ) ने सरकार से कुछ निर्यात शुल्क पर तत्काल हस्तक्षेप करने का सोमवार को आग्रह किया। बीआरएफईडीएफ ने इन शुल्क को मनमाना और अपारदर्शी करार दिया जिससे कई व्यापारियों के लिए निर्यात व्यावसायिक रूप से अव्यवहार्य हो गया है। मंच के अनुसार, युद्ध–जोखिम अधिभार 800



डॉलर से 6,000 डॉलर प्रति कंटेनर तक रहा है, जो अक्सर बिना पूर्व सूचना के लगाया जाता है या माल भेजे जाने के बाद संशोधित किया जाता है।कुछ मामलों में कुल शुल्क माल के मूल्य के 60 से 70 प्रतिशत तक होता है। बीआरएफईडीएफ की चेयरपर्सन प्रियंका मित्तल ने एक बयान में कहा, '' निर्यातकों से उन परिस्थितियों के लिए असीमित वित्तीय बोझ उठाने को कहा जा रहा है जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।'' पश्चिम एशिया संकट के कारण शिपिंग कंपनियों ने एकतरफा रूप से माल को जेबेल अली (संयुक्त अरब अमीरात), सोहर तथा सलालाह (ओमान) जैसे बंदरगाहों की ओर मोड़ दिया है। कंटेनर को 'ट्रांसशिपमेंट' केंद्रों पर आगे की आवाजाही की स्पष्टता के बिना रोक दिया है और कुछ मामलों में उन्हें मूल बंदरगाहों पर वापस भेज दिया है।निर्यातकों का कहना है कि इन फैसलों की पूरी वित्तीय लागत उन्हें ही उठानी पड़ रही है जबकि इन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है। बीआरएफईडीएफ ने मांग की कि मंत्रालय शुल्क को केवल दी गई सेवाओं से जोड़े, शिपिंग कंपनियों को विवादित शुल्क से जोड़कर कंटेनर रोकने के बजाय उन्हें जारी करने के लिए बाध्य करे और भू–राजनीतिक व्यवधानों के दौरान माल ढुलाई के लिए स्पष्ट नियामकीय दिशानिर्देश बनाए।

# गवर्नर द साइलेंट सेवियर से मनोज बाजपेयी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट, 12 जून, 2026 को रिलीज होगी फिल्म

विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म गवर्नररू द साइलेंट सेवियर अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है. हाल ही में, मनोज बाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर एक दिलचस्प पोस्टर के साथ फिल्म के टाइटल का खुलासा किया गया था. अब, फिल्म के नए पोस्टर्स रिलीज कर दिए गए हैं, जो एक बड़ा खुलासा करते हैं जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, और हमें इस इंटेंस ड्रामा की दुनिया के और करीब ले जाते हैं.गवर्नर के नए पोस्टर्स ने स्टार कास्ट का खुलासा कर दिया है, जिसमें मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा नजर आएंगे, जहां अलग–अलग पोस्टर्स नेशनल अवार्ड विनर एक्टर मनोज बाजपेयी के अलग–अलग शेड्स दिखाते हैं, वहीं ये पोस्टर्स पर्दे पर दिखने वाले जबरदस्त ड्रामा के बारे में भी बहुत कुछ बयां करते हैं.कास्ट के चेहरे सामने आने के अलावा, पोस्टर्स में कुछ दमदार टैगलाइन्स भी दी गई हैं जैसेकृ अब बारी मेरी है, आई विल नॉट लेट इंडिया फेल, और इंडिया इज ऑन द वर्ज ऑफ बैंकरअप्ट्सी, ही सौ ईट कमिंग. ये सभी भारत के आर्थिक संकट के एक मुश्किल दौर की ओर इशारा करते हैं. अब यह देखने के लिए उत्साह चरम पर है कि फिल्म में मनोज बाजपेयी किस तरह का किरदार निभाएंगे.यह एक युद्ध था. इसमें कोई सेना नहीं थी. बस एक आदमी...



जिसने देश को गिरने से बचाने की ठान ली थी. विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फिल्म गवर्नररू द साइलेंट सेवियर सनशाइन पिक्चर्स द्वारा पेश की जा रही है. विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और चिन्मय मांडलेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म के को–प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह हैं. फिल्म को सुवेंदु भट्टाचार्यजी, सौरभ भरत, रवि असरानी और खुद विपुल अमृतलाल शाह ने लिखा है.

# भूत बंगला बाक्स आफिस डे 10 - वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के करीब पहुंची अक्षय की फिल्म, दूसरे रविवार किया बंपर कलेक्शन

अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला ने दूसरे रविवार को भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा और शानदार कलेक्शन किया. इससे भूत बंगला के डोमेस्टिक और वर्ल्डवाइड कलेक्शन में बड़ा इजाफा हुआ है. अक्षय कुमार अपनी कॉमेडी से दर्शकों के दिलों में फिर से जगह बनाने का काम कर रहे हैं. फिल्म पहले ही भारत में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और वर्ल्डवाइड कलेक्शन 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है. चलिए जानते हैं. फिल्म दूसरे रविवार बॉक्स ऑफिस कमाई के कितने झंडे गाड़े हैं.

सैक्निल्क के अनुसार, फिल्म भूत बंगला ने दूसरे रविवार यानी 10वें दिन भारत में 12.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इस कमाई के साथ फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन अनुमानित 113.40 करोड़ रुपये हो गया है. प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने विश्व स्तर पर अनुमानित 179.48 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ भूत बंगला अक्षय कुमार की हाल ही में रिलीज हुई कुछ फिल्मों से आगे निकल गई है, जिनमें केसरी चौप्टर 2 (145.01 करोड़ रुपये), स्काई फोर्स (150.01 करोड़ रुपये) और जॉली एलएलबी 3 (171.64 करोड़ रुपये)

शामिल हैं.सैकनिल्क ने बताया कि फिल्म देश भर में 10वें दिन 9,498 शो में चली. भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 134.98 करोड़ रुपये हो गया है. विदेशों में, भूत बंगला ने 10वें दिन 3 करोड़ रुपये की कमाई की. इससे इसकी कुल विदेशी कमाई 44.50 करोड़ रुपये हो गई और इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 179.48 करोड़ रुपये तक पहुंच गया.



फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसने अपना जलवा बरकरार रखा है. हालांकि, इसका मौजूदा कुल कलेक्शन सनी देओल स्टारर युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 से काफी पीछे है , जिसने विश्व स्तर पर 450.20 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था.

भूत बंगला से अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी 14 साल बाद लौटी है. फिल्म के कलाकारों में असरानी, परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू, जिशु सेनगुप्ता और वामिका गब्बी शामिल हैं.

# धुरंधर 2 ने तोड़ा बाहुबली 2 का रिकार्ड, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बनी

आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 2 को ईद 2026 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और रिलीज के बाद से ही फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. ये एक के बाद एक नए रिकॉर्ड सेट कर रही है साथ कई बड़ी फिल्मों को भी कमाई के मामले में पीछे छोड़ चुकी है. ऐसे में अब रणवीर सिंह और सारा अर्जुन स्टारर फिल्म ने एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली 2 को भी पछाड़ दिया और ये अब इंडिया की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन चुकी है.कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, धुरंधर 2 ने 39वें दिन कमाल का बिजनेस किया और इसने वर्ल्डवाइड बाहुबली 2 को पछाड़ दिया. छठे संडे को फिल्म ने आनुमानित 3.4 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं, फिल्म ने छठे वीकेंड पर 8 करोड़ का नेट कलेक्शन किया, जिसके बाद इसका इंडिया नेट कलेक्शन बढ़कर 1167.63 करोड़ हो गया. फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1377.8 करोड़ पहुंच गया. इतना ही नहीं, फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल का बिजनेस किया.



फिल्म ने ओवरसीज 424 करोड़ की कमाई की. कोईमोई के अनुसार, अगर फिल्म की भारत और विदेशों की कमाई को जोड़ा जाए तो 39वें दिन इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1801.8 करोड़ पहुंच गया.39वें दिन छठे रविवार के कलेक्शन के बाद आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 2 दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बन चुकी है. इसी के साथ ही इसने एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली 2 को पीछे छोड़ दिया, जिसका ग्रॉस कलेक्शन 1800 करोड़ है. मेकर्स के लिए ये एक बड़ी सफलता है. इंडिया की नंबर–1 हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म आमिर खान की दंगल है, जिसका ग्रॉस कलेक्शन 2059.04 करोड़ है. रणवीर सिंह स्टारर फिल्म को आमिर खान की फिल्म को पछाड़ने के लिए 254.24 करोड़ रुपये का कलेक्शन और भी करना होगा.बहरहाल, अगर धुरंधर 2 के बारे में बात की जाए तो ये साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म धुरंधर का सीक्वल है, जिसमें हमजा अली मजारी के मिशन और जसकीरत सिंह रंगी की कहानी को दिखाया गया है. ये एक स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कमाल का एक्शन और ल्यारी में आतंकवाद को खत्म करने की स्टोरी को दिखाया गया है.

# गोलमाल 5 में शरमन जोशी की वापसी, फंटूश टीम संग ऊटी पहुंचे रोहित शेट्टी, अजय देवगन ने दिखाई झलक



गोलमाल 5 के अपडेट को लेकर बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए गुड न्यूज है. मशहूर फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने इस कॉमेडी फ्रैंचाइजी की शूटिंग शुरू कर दी है. अजय देवगन ने गोलमाल 5 के शेड्यूल की एक झलक शेयर की है, जिसने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दी है.

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर गोलमाल 5 के स्टार कास्ट के एक झलक शेयर की है और फैंस को बताया है कि गोलमाल 5 की अगली शूटिंग शुरू हो गई है. उन्होंने ऊटी से एक मजेदार वीडियो मोंटाज शेयर किया है, जिसमें अरशद वारसी, तुषार कपूर, शरमन जोशी, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू नजर आ रहे हैं.

अजय ने अरशद, तुषार, शरमन, श्रेयस और कुणाल के साथ अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की है. इस तस्वीर में ये सभी एक्टर उस मशहूर पांच–सीटर बाइक के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं, जो इस फिल्म फ्रेंचाइजी का एक अहम हिस्सा रही है. अजय ने इंस्टाग्राम इस मजेदार वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, इस बार सवारी बड़ी है, और एंटरटेनमेंट उससे भी ज्यादा बड़ा होगा. गोलमाल 5 का ऊटी शेड्यूल, लड़कों के साथ.

रोहित शेट्टी ने भी वही वीडियो मोंटाज शेयर किया और कैप्शन में लिखा है, 20 सालों से पॉजिटिव वाइब्स के साथ आगे बढ़ रहे हैं. गोलमाल 5. ऊटी शेड्यूल. ऊटी का शेड्यूल से यग लग रहा है कि रोहित शेट्टी खूबसूरत आउटडोर लोकेशन्स पर बड़े लेवल पर हाई–एनर्जी वाले सीन्स को फिल्माने में लगे हुए हैं.

वहीं, इस क्लिप में यह भी साफ हो गया है कि फिल्म के गोलमाल 5 में शरमन जोशी की वापसी हो रही है. वह 2006 की ओरिजिन फिल्म का हिस्सा थे. उन्होंने फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभाया था. ओरिजिनल फिल्म में शरमन के अलावा अजय देवगन, अरशद वारसी, जोशी और तुषार कपूर ने भी काम किया था, और यह बॉक्स–ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी. इन सालों में, गोलमाल फ्रैंचाइजी बॉलीवुड के सबसे जाने–पहचाने कॉमेडी ब्रैंड्स में से एक बन गई है.

गोलमाल के बाद इसकी 4 सीक्वल फिल्में आईं, जिनका नाम गोलमाल रिटर्न्स, जो 2008 रिलीज हुई, 2010 में गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन, जो 2017 रिलीज हुई थी, है. इन सभी को दर्शकों और फैंस से काफी सराहना मिली थी.

गोलमाल 5 का निर्माण रोहित शेट्टी पिक्चर्स ने टी–सीरीज के साथ मिलकर किया है. हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक गुप्त रखी गई है, लेकिन रोहित शेट्टी ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की है ।

# थलापति विजय जन नायकन की रिलीज डेट हुई कंफर्म, 8 मई को दुनियाभर में बाक्स आफिस पर मचाएगी धमाल

थलापति विजय की आखिरी फिल्म जन नायन आखिरकार अब सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है. सेंसर बोर्ड के साथ लंबी कंट्रोवर्सी के बाद इस मच अवेटेड फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी गई है.रिपोर्ट के अनुसार, ये पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा 8 मई 2026 को दुनियाभर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी. नई रिलीज डेट की घोषणा ऑफिशियल तौर पर जल्द ही की जाएगी.केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी जन नायकन कुछ दिनों पहले ऑनलाइन लीक हो गई थी, जिसका असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर पड़ना कंफर्म माना जा रहा है. हालांकि, थलापति विजय की स्टार पावर इतनी मजबूत है कि फिल्म को जबरदस्त ओपनिंग मिल सकती है.इसके अलावा जन नायकन को विजय की आखिरी फिल्म बताई जा रही है, जो शुरुआती दिनों में इसकी कमाई को और बढ़ा सकती है. चाहे फिल्म को लेकर दर्शकों का रिएक्शन कैसा भी क्यों ना हो. अगर फिल्म को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलता है, तो ये तमिलनाडु में बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ सकती है.इस फिल्म को तमिलनाडु चुनाव के नतीजों के बाद रिलीज किया जाएगा. विजय और उनकी पार्टी को चुनाव में क्या परिणाम मिलता है, ये भी फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को इफेक्ट कर सकता है.बता दें जन नायकन का निर्देशन एच.वनोथ ने किया है. इस फिल्म में विजय एक एक्स पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ सकते हैं. वहीं, बॉबी देओल फिल्म में विलेन के कैरेक्टर में दिखाई देंगे. वहीं, पूजा हेगड़े इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी. इसके अलावा फिल्म में ममिता बैजू, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और प्रियामणि जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे.पहले ये फिल्म पोंगल 2026 पर रिलीज होने वाली थी. लेकिन, सेंसर से जुड़े मुद्दों की वजह से



इस फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई. जबकि दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हो चुकी थी।

# रश्मिका मंदाना की मैसा का केरल शेड्यूल शुरू, केचा मास्टर के निर्देशन में शूट होंगे 15 दिनों के जबरदस्त एक्शन सीन्स

साउथ सिनेमा की खूबसूरत हसीना रश्मिका मंदाना की मैसा 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है. अपनी वर्सटालिटी और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर रश्मिका इस फिल्म में एक जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आएंगी, जो उनकी इमेज को पूरी तरह बदल सकता है.

हाल ही में आए एक पोस्टर ने उनके इंटेंस ट्रांसफॉर्मेशन की झलक दिखाई थी. खबरों की मानें तो रश्मिका फिल्म के डिमांडिंग एक्शन सीन्स के लिए कड़ी मेहनत और डेली ट्रेनिंग कर रही हैं. हाई–इम्पैक्ट स्टंट्स से लेकर फिजिकली चौलेंजिंग सीन्स तक, वो कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं.

फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ाते हुए मेकर्स ने अब एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि केरल में 15 दिनों का शूटिंग शेड्यूल शुरू हो चुका है. इस हाई–ऑक्टेन शेड्यूल की एक्शन कोरियोग्राफी केचा मास्टर कर रहे हैं.वीडियो में रश्मिका एक्शन डायरेक्टर के साथ घने जंगलों के बीच कॉम्बैट मूव्स की रिहर्सल करती दिख रही हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में बेहद रॉ और खतरनाक एक्शन सीक्वेंस होंगे. साफ है कि मैसा में रश्मिका का एक पावरफुल एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है.वीडियो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैसा एक्शन में वापस आ गई है, केरल में फिलहाल 15 दिनों का एक हाई–ऑक्टेन शेड्यूल चल रहा है, जिसकी एक्शन कोरियोग्राफी जैकास्टंट्स मास्टर द्वारा की जा रही है. रश्मिका मंदाना अपने अब तक के सबसे विस्फोटक और इंटेंस अवतार में पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार हैं.फिल्म के विजुअल स्टोरीटेलिंग सिनेमैटोग्राफर श्रेयस कृष्णा ने तैयार किए हैं, जबकि इसका म्यूजिक जेक्स बेजॉय ने कंपोज किया है. फिल्म के एक्शन लेवल को बढ़ाने के लिए, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर एंडी लॉन्ग इस महत्वाकांक्षी एंटरटेनर के हाई–इंटेंसिटी सीन्स को डिजाइन कर रहे हैं.अनफॉर्मूला फिल्म्स द्वारा निर्मित और रविंद्र पुल्ले द्वारा निर्देशित, मैसा आदिवासी इलाकों पर आधारित एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर है, जो दमदार विजुअल्स, एक दिलचस्प कहानी और रश्मिका की यादगार परफॉरमेंस का वादा करती है.।



# प्रियंका चोपड़ा बनीं इस बायोपिक का हिस्सा, कैमियो से जीतने आएंगी फैंस का दिल



ग्लोबर सुपरस्टार प्रियंका चोपड़ा भले ही विदेश में रहती हों, लेकिन भारत में उनका आना–जाना लगा रहता है। इसकी सबसे बड़ी वजह उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म वाराणसी है, जिसका निर्माण एसएस राजामौली कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि उन्होंने देश में रहते हुए ही एक बायोपिक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस परियोजना के बारे में ज्यादा जानकारी तो सामने नहीं आई है, लेकिन चर्चा है कि प्रियंका को इसमें एक कैमियो करते हुए दिखाया जाएगा।रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का नाम अमरी है, जो हंगरी–भारतीय चित्रकार अमृता शेर–गिल की बायोपिक है। सूत्र ने बताया कि प्रियंका हाल ही में भारत में थीं। एक अन्य प्रतिबद्धता पूरी करने के बाद उन्होंने फिल्म की शूटिंग की। उन्होंने कहा, फिल्म का उद्देश्य हंगरी, भारत और फ्रांस में चित्रकार के जीवन को दर्शाना है। फिल्म में एक विशेष हिस्सा था जिसके लिए पिछले साल प्रियंका से संपर्क किया गया था, और उन्होंने पिछले सप्ताह इसकी शूटिंग की।फिल्म का निर्माण भारतीय–अमेरिकी फिल्म निर्माता मीरा नायर कर रही हैं। प्रियंका एक विशेष भूमिका निभाएंगी। वहीं अमृता शेर–गिल की मुख्य भूमिका के लिए अभिनेत्री तान्या मानिकतला को कास्ट किया गया है। बता दें, अमृता शेर–गिल 20वीं सदी की मशहूर हंगेरियन–भारतीय चित्रकार थीं, जिन्हें आधुनिक भारतीय कला का अग्रणी माना जाता है। 19 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पेंटिंग यंग गर्ल्स के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई महिला होने का गौरव हासिल किया था।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।